हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर से प्रकाशित

RNI No. : JHAHIN - 01092

मूल्य : दो रुपए

rashtrasamvad.com

जमशेदपुर,
गुरूवार,16 अक्टूबर 2025

नगर संस्करण
वर्ष: 02,अंक:144

**सुविचार**

महत्वाकांक्षा के बिना बुद्धिमानी ऐसी ही है जैसे पर के बिना एक पक्षी ।

# बिहार चुनाव: जेडीयू की पहली लिस्ट 57 कैंडिडेट्स के नाम

## चिराग के दावे वाली 5 सीटों पर उम्मीदवार उतारे

### बाहुबली-3, मुस्लिम- 0, 6 मंत्री मैदान में




**पटना ,एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए JDU ने बुधवार को अपने 57 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में JDU ने 3 बाहुबलियों को टिकट दिया है। मोकामा से अनंत सिंह, एकमा से धुमल सिंह, कुचाएकोट से अमरेंद्र पांडेय को उतरा है। लिस्ट में एक भी मुस्लिम नाम नहीं है। 10 अनुसूचित जातियों के कैंडिडेट्स को उतारा है। लिस्ट में 6 मंत्री भी हैं। 4 महिलाओं को भी टिकट मिला है। इसके अलावा चिराग के दावे वाली 5 सीटों सोनबरसा, अलौली, राजगीर, एकमा और मोरबा पर भी जेडीयू ने कैंडिडेट उतारे हैं। पहली लिस्ट में 18 विधायकों को रिपीट किया गया है। 2 विधायकों का टिकट कटा है। सकरा से आदित्य कुमार और बरबीघा से सुदर्शन कुमार। नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी के लिए अपनी सिटिंग सीट छोड़ दी है। पिछली बार तारापुर जेडीयू के खाते में थी। इस बार यहां से बीजेपी कोटे से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी लड़ेंगे। वहीं परबत्ता सीट भी JDU ने गठबंधन के लिए छोड़ी है। 2020 में परबत्ता जदयू के खाते में थी। 2020 में सबसे कम 12 वोटों से चुनाव जीते कृष्ण मुरारी शरण ऊर्फ प्रेम मुखिया को फिर से हिलसा से टिकट दिया गया है। 2025 के विधानसभा चुनाव में JDU 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राज्य पहले फेज के लिए 6 नवंबर को 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे।

**मंत्री विजय चौधरी के बेटे की जगह फिर उन्हें उतारा :** सरायरंजन से विजय कुमार चौधरी के बेटे के चुनाव लड़ने की सूचना थी, लेकिन पार्टी ने फिर से मंत्री विजय चौधरी को ही उतारा है। मंत्री महेश्वर हजारी के टिकट कटने की चर्चा चल रही थी, लेकिन पार्टी ने फिर से भरोसा जताया है। कल्याणपुर से टिकट दिया है। पार्टी ने मंत्री श्रवण कुमार को नालंदा, मदन सहनी को बहादुरपुर, महेश्वर हजारी को कल्याणपुर और सुनील कुमार को भोरे, सोनबरसा से रत्नेश सदा को मैदान में उतारा है।

**नीतीश के नेतृत्व में NDA लड़ेगा चुनाव-** 2025 के चुनाव में NDA का साफ कहना है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व और चेहरे पर ही विधानसभा का चुनाव लड़ा जाएगा। शुरुआत में NDA में नीतीश को लेकर थोड़ी असमंजस की स्थिति थी, लेकिन अब फिर बीजेपी के बड़े नेताओं ने नीतीश के चेहरे पर मुहर लगा दी। जेडीयू भी नीतीश को ही सीएम चेहरा मान रही है और उनका नारा है- '2025 से 2030, फिर से नीतीश।'

### जदयू उम्मीदवारों की पहली सूची

| क्र. | विधानसभा | कैंडिडेट |
|---|---|---|
| 1. | आलमनगर | नरेन्द्र नारायण यादव |
| 2. | बिहारीगंज | निरंजन कुमार मेहता |
| 3. | सिंहेश्वर (SC) | रमेश ऋषिदेव |
| 4. | मधेपुरा | कविता साहा |
| 5. | सोनबरसा (SC) | रत्नेश सादा |
| 6. | महिषी | गुंजेश्वर साह |
| 7. | कुशेश्वरस्थान (SC) | अतिरेक कुमार |
| 8. | बेनीपुर | विनय कुमार चौधरी |
| 9. | दरभंगा ग्रामीण | ईश्वर मंडल |
| 10. | बहादुरपुर | मदन सहनी |
| 11. | गायघाट | कोमल सिंह |
| 12. | मीनापुर | अजय कुशवाहा |
| 13. | सकरा (SC) | आदित्य कुमार |
| 14. | काँटी | अजीत कुमार |
| 15. | कुचायकोट | अमरेन्द्र कुमार पांडेय |
| 16. | भोरे (SC) | सुनील कुमार |
| 17. | हथुआ | रामसेवक सिंह |
| 18. | बरौली | मंजीत सिंह |
| 19. | जीरादेई | भीषम कुशवाहा |
| 20. | रघुनाथपुर | विकास कुमार सिंह |
| 21. | बड़हरिया | इन्द्रदेव पटेल |
| 22. | महाराजगंज | हेम नारायण साह |
| 23. | एकमा | धुमल सिंह |
| 24. | मांझी | रणधीर सिंह |
| 25. | परसा | छोटे लाल राय |
| 26. | वैशाली | सिद्धार्थ पटेल |
| 27. | राजापाकर (SC) | महेन्द्र राम |
| 28. | महनार | उमेश सिंह कुशवाहा |
| 29. | कल्याणपुर (SC) | महेश्वर हजारी |
| 30. | वारिसनगर | मांजरिक मृणाल |
| 31. | समस्तीपुर | अश्वमेघ देवी |
| 32. | मोरवा | विद्यासागर सिंह निषाद |
| 33. | सरायरंजन | विजय कुमार चौधरी |
| 34. | विभूतिपुर | रवीना कुशवाहा |
| 35. | हसनपुर | राज कुमार राय |
| 36. | चेरिया बरियारपुर | अभिषेक कुमार |
| 37. | मटिहानी | राजकुमार सिंह |
| 38. | अलौली (SC) | रामचंद्र सदा |
| 39. | खगड़िया | बब्लू मंडल |
| 40. | बेलदौर | पन्ना लाल पटेल |
| 41. | जमालपुर | नचिकेता मंडल |
| 42. | सूर्यगढ़ा | रामानन्द मंडल |
| 43. | शेखपुरा | रणधीर कुमार सोनी |
| 44. | बरबीघा | कुमार पुष्पंजय |
| 45. | अस्थावाँ | जितेन्द्र कुमार |
| 46. | राजगीर (SC) | कौशल किशोर |
| 47. | इस्लामपुर | रूहेल रंजन |
| 48. | हिलसा | कृष्ण मुरारी शरण |
| 49. | नालन्दा | श्रवण कुमार |
| 50. | हरनौत | हरिनारायण सिंह |
| 51. | मोकामा | अनंत सिंह |
| 52. | फुलवारी (SC) | श्याम रजक |
| 53. | मसौढ़ी (SC) | अरूण मांझी |
| 54. | संदेश | राधा चरण साह |
| 55. | जगदीशपुर | भगवान सिंह कुशवाहा |
| 56. | डुमराँव | राहुल सिंह |
| 57. | राजपुर (SC) | संतोष कुमार निराला |

## एनडीए में उपेंद्र कुशवाहा की नाराजगी दूर, बोले- सब ठीक

### अमित शाह से दिल्ली में 45 मिनट मुलाकात की; प्रशांत किशोर ने कहा- मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा



**नई दिल्ली/पटना,एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर NDA और महागठबंधन, दोनों गुटों में सीट शेयरिंग को लेकर रस्साकशी चल रही है। NDA में JDU और लोजपा (रामविलास) के बीच कुछ सीटों को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। वहीं, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (RLM) के उपेंद्र कुशवाहा महुआ सीट लोजपा (आर) को देने की चर्चा से नाराज हैं।कुशवाहा को मनाने के लिए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय मंगलवार देर रात पटना स्थित उनके आवास पहुंचे। रातभर माथापच्ची के बाद भी कुशवाहा नहीं मानें, तो दोनों भाजपा नेता चुपचाप चले गए। इसके बाद कुशवाहा ने कहा, "Nothing is well in NDA" (NDA में सबकुछ ठीक नहीं है)। इसके बाद अमित शाह ने कुशवाहा को फोन करके दिल्ली बुलाया। बुधवार को दोनों के बीच 45 मिनट बातचीत हुई। मीटिंग के बाद उन्होंने मीडिया से कहा- सब ठीक है। हमारा गठबंधन बिहार चुनाव जीतेगा। दूसरी तरफ, प्रशांत किशोर ने कहा कि वे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। RJD चीफ लालू यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव राघोपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने आज नॉमिनेशन फाइल किया।लालू और राबड़ी भी तेजस्वी के साथ दिखे। वहीं, लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप ने आज अपना नॉमिनेशन कैंसिल कर दिया।

## घाटशिला उपचुनाव: टिकट नहीं मिलने से निराश भाजपा नेता रमेश हांसदा की बिगड़ी तबीयत



**पूर्वी सिंहभूम,राष्ट्र संवाद संवाददाता।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी के बीच भाजपा नेता रमेश हांसदा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार, टिकट की घोषणा के बाद से वे तनाव में थे। पार्टी ने इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को उम्मीदवार बनाया है, जो पहले भी इस क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। रमेश हांसदा पिछले एक महीने से लगातार घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय थे और जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। वे भाजपा के एसटी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य हैं। वहीं सूत्रों के अनुसार, टिकट की दौड़ में नाम आगे रहने के बावजूद टिकट नहीं मिलने से हांसदा निराश थे। इसी तनाव के बीच बुधवार रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## लोजपा -आर ने 14 उम्मीदवार की पहली सूची जारी की

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास (लोजपा आर) ने आज शाम 14 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी।

**लोजपा-आर के 14 उम्मीदवार की सूची-**लोजपा आर ने पूर्वी चंपारण के गोविन्दगंज से राजू तिवारी, सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर से संजय कुमार सिंह, सिवान के दरौली (अनु. जाति) से विष्णु देव पासवान, सारण के गरखा (अनु.जाति) सीमांत मृणाल, बेगूसराय के साहेबपुर कमाल से सुरेन्द्र कुमार को उम्मीदवार बनाया है।बेगूसराय के बखरी (अनु.जाति) से संजय कुमार, खगड़िया के परबत्ता से बाबूलाल शौर्य, भागलपुर के नाथनगर से मिथुन कुमार, पटना के पालीगंज से सुनील कुमार, रोहतास के डेहरी से राजीव रंजन सिंह, बक्सर के ब्रह्मपुर से हुलास पांडे, कटिहार के बलरामपुर से संगीता देवी, जहानाबाद के मखदुमपुर रानी कुमारी, औरंगाबाद के ओबरा प्रकाश चन्द्र को चिराग की पार्टी की ओर से टिकट दिया गया है।

### घाटशिला उपचुनाव : झामुमो ने किया प्रत्याशी का ऐलान

## दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन के बेटे सोमेश सोरेन होंगे उम्मीदवार

राष्ट्र संवाद संवाददाता






रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। पार्टी ने दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को रांची स्थित सोहराय भवन में झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक के दौरान मुख्यमंत्री और झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने उनके नाम की घोषणा की।

बैठक में यह भी बताया गया कि सोमेश चंद्र सोरेन 17 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, सांसद, विधायक समेत बिहार, झारखंड, ओडिशा, असम, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान की समीक्षा, बिहार विधानसभा चुनाव में झामुमो की भूमिका और घाटशिला उपचुनाव को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक में पूर्व मंत्री रामदास सोरेन की पत्नी और पुत्र भी मौजूद रहे। बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पार्टी घाटशिला में अपने दिवंगत नेता के परिवार के साथ खड़ी है और जनता का आशीर्वाद झामुमो के साथ है। वहीं, पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि घाटशिला में किसी तरह का मुकाबला नहीं है, झामुमो प्रत्याशी केवल जनता का आशीर्वाद लेने जाएंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि आगामी रकफ प्रक्रिया को लेकर पार्टी सतर्क है और केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा सभी इछअ को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

## एसीबी ने पंचायती राज विभाग के उपनिदेशक शैलेश को किया गिरफ्तार




**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने हजारीबाग वन भूमि घोटाला मामले में बुधवार को शैलेश कुमार को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। शैलेश कुमार वर्तमान में पंचायती राज विभाग में उपनिदेशक के पद पर पदस्थापित हैं। वन भूमि घोटाले के समय वो हजारीबाग जिले में सदर अंचल के सीओ के पद पर पदस्थापित थे। वन भूमि घोटाले में गिरफ्तार हो चुके विनय कुमार सिंह को भी रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। विनय कुमार सिंह के ठिकानों पर छापेमारी के बाद कई जमीन की डीड सहित अन्य दस्तावेज भी एसीबी को मिले हैं। वहीं, विनय कुमार चौबे के डीसी रहने के दौरान दस्तावेज का हेरफेर कर जमाबंदी कराई गई थी। इस मामले में प्रारंभिक साक्ष्य के आधार पर दोनों आरोपियों से पूछताछ होगी। वहीं, एसीबी इस केस में विनय कुमार सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है।

बीते सात अक्टूबर को एडीएम रैंक की अफसर अलका कुमारी का बयान हजारीबाग एसीबी की विशेष कोर्ट में दर्ज करवाया है। अलका कुमारी पूर्व में हजारीबाग जिले में सदर सीओ के पद पर पदस्थापित रह चुकी है। उन्होंने कोर्ट में दिए अपने बयान में कहा है कि वर्ष 2010 में जब वह हजारीबाग जिले में सदर सीओ के पद पर पदस्थापित थीं उस दौरान एक दिन तत्कालीन डीसी विनय चौबे ने उन्हें अपने कार्यालय में बुलाया। जब वह डीसी के कार्यालय पहुंची तो वहां एक व्यक्ति पहले से बैठा हुआ था। बयान में अलका कुमारी ने कहा है कि विनय चौबे ने उस व्यक्ति का परिचय कराते हुए बताया कि उस व्यक्ति का नाम विनय सिंह है। इसके बाद अलका कुमारी को एक दस्तावेज दिया गया और दाखिल खारिज (म्यूटेशन) करने की बात कही गई। दस्तावेज का निरीक्षण करने पर पता चला कि 72 डिसमिल भूमि रैयती खाते की थी और 28 डिसमिल भूमि गैरमजरुआ खास किस्म की भूमि थी। अलका कुमारी ने विनय चौबे को यह बताया कि गैरमजरुआ खास किस्म की भूमि का म्यूटेशन करना नियमसंगत नहीं है। इसके बाद विनय चौबे ने राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार वर्मा को बुलाया और जांच रिपोर्ट देने का आदेश दे दिया।

### राष्ट्र संवाद से बातचीत में भाजपाध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा -

# ऐतिहासिक होगा घाटशिला विस उपचुनाव का परिणाम

- **भाजपा को जीताकर हेमंत सरकार को सन्देश देंगे घाटशिला के मतदाता**

राष्ट्र संवाद मुख्य संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने राष्ट्र संवाद के साथ बातचीत के क्रम में कहा कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव का परिणाम ऐतिहासिक होगा द्य उन्होंने कहा कि इस एक सीट का परिणाम सरकार बनाने - बिगारने में भले ही कोई भूमिका अदा नहीं करेगी लेकिन भाजपा को जीतवाकर मतदाता हेमंत सरकार को सन्देश दें देंगे कि लूट- भ्रष्टाचार की सरकार उन्हें कतई पसंद नहीं है द्य पूर्व मुख्यमंत्री श्री मरांडी ने मुसाबनी में आयोजित बूथ कार्यकर्त्ता सम्मलेन में शामिल होने जाने से पूर्व **राष्ट्र संवाद** के साथ लम्बी बातचीत की ।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष विधानसभा के आम चुनाव में पार्टी से जो कुछ गलती हुई थी उसे ठीक करते हुए इस बार पार्टी के सभी नेता - कार्यकर्त्ता पूरी मनोयोग से चुनाव कार्यक्रम में जुटे हुए हैं और भाजपा निश्चित तौर से घाटशिला सीट पर फतह हासिल करेगी । एक अन्य सवाल के जवाब में श्री मरांडी ने कहा कि लोकसभा, विधानसभा एवं पंचायत स्तरीय चुनाव का पैटर्न अलग - अलग होता है । फिलहाल तो घाटशिला में विधानसभा का उपचुनाव होना है और हमारी पार्टी पूरी मुस्तैदी से अपने प्रत्याशी को विजयी बनाने में लगी हुई है और, घाटशिला सीट का परिणाम हेमंत सोरेन सरकार के लिए एक सन्देश साबित होगा ।

उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में माइनर एवं मेजर मिनरल्स की लूट खुलेआम हो रही है । ज़ब मैं मुख्यमंत्री बना था तब राज्य में बालू फ्री कर दिया था । हेमंत सोरेन ज़ब मुख्यमंत्री बने तों मुंबई और दिल्ली के व्यवसाइयो को बुलाकर उनकी सरकार ने बालू घाट सौंप दिया । श्री मरांडी ने कहा कि अब तों बालू - पत्थर के अवैध व्यवसाय में सत्ता पक्ष के कई विधायक भी शामिल हैं ।

### घाटशिला उपचुनाव में भाजपा ने बाबूलाल सोरेन को बनाया प्रत्याशी, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,घाटशिला ।** भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को घाटशिला उपचुनाव का प्रत्याशी घोषित किया। घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। बाबूलाल सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जे.पी. नड्डा और बाबूलाल मरांडी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बड़ी जिम्मेदारी है और परिणाम चौंकाने वाला होगा। उन्होंने कहा कि घाटशिला विधानसभा विकास से कोसों दूर है— यहां न सड़क है, न पानी, न शिक्षा, न रोजगार; राज्य सरकार जनता को केवल धोखा दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि उपचुनाव में जनता राज्य सरकार को वोट के जरिए करारा जवाब देगी और भाजपा की बड़ी जीत होगी।

## राजद नेता तेजस्वी यादव ने रघोपुर से दाखिल किया नामांकन

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बुधवार को राघोपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी रामबाबू बैठा के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा, राघोपुर की जनता ने हम पर लगातार दो बार भरोसा किया है। जनता मालिक है। यह तीसरी बार है जब हमने राघोपुर से अपना नामांकन दाखिल किया है। हमें विश्वास है कि राघोपुर की जनता एक बार फिर हम पर भरोसा करेगी। हम सिर्फ़ सरकार नहीं बनाना चाहते, हम बिहार बनाना चाहते हैं। अब बिहार भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त राज्य बनना चाहता है। कई लोग अफवाह फैला रहे थे कि हम दो जगहों से चुनाव लड़ेंगे।



# कोलकाता में संपन्न हुई दक्षिण पूर्व रेलवे की 105वीं क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक, सांसद बिद्युत बरण महतो ने उठाए 50 से अधिक मुद्दे

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### टाटानगर स्टेशन पार्किंग में दुर्व्यवहार पर सख्त सांसद

कोलकाता स्थित ताज बंगाल होटल में दक्षिण पूर्व रेलवे की 105वीं क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सांसद बिद्युत बरण महतो ने चक्रधरपुर एवं खड़गपुर रेल मंडलों से जुड़े लगभग 50 मुद्दे उठाए। रेल प्रबंधन ने प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

सांसद महतो ने विशेष रूप से भुवनेश्वरझनई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस का फेरा बढ़ाने, टाटानगर से जयपुर एवं बेंगलुरु के लिए नई ट्रेन सेवा शुरू करने, टाटाझकटिहार एक्सप्रेस की रफ्तार बढ़ाकर इसे रक्सौल तक विस्तार देने, शालीमारझगोरखपुर ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन चलाने, टाटाझरांची इंटरसिटी को डाल्टनगंज तक बढ़ाने, टाटाझगोड्डा साप्ताहिक एक्सप्रेस का फेरा बढ़ाकर घाटशिला तक विस्तार करने की मांग रखी। साथ ही कोरोना काल में बंद




कालीमाटी, बिरसा मुंडा और अंत्योदय एक्सप्रेस को पुनः शुरू करने की अपील की।

उन्होंने धालभूमगढ़ स्टेशन पर फूट ओवर ब्रिज निर्माण, दुर्गझआरा ट्रेन का विस्तार बक्सर तक करने, तथा परसुडीह, बारीगोड़ा और गोविंदपुर में रेल ओवर ब्रिज निर्माण में तेजी लाने की भी मांग की। इस पर रेल अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार की कुछ आपत्तियों के चलते स्वरूप में परिवर्तन किया जा रहा है, जिसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

सांसद महतो ने आदित्यपुर की तर्ज पर गोविंदपुर स्टेशन के विकास, टाटानगर सेकंड एंट्री गेट पर ड्रॉपिंग लाइन की व्यवस्था, स्टेशन पार्किंग में यात्रियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार की रोकथाम और एटीएम सुविधा बहाल करने की मांग भी रखी। इसके अलावा, टाटाझतमाड़झबुंडूझरांची रेल परियोजना की अद्यतन स्थिति पर रिपोर्ट पेश करने को कहा।

**टाटानगर स्टेशन पार्किंग में दुर्व्यवहार पर सख्त सांसद**

सांसद बिद्युत बरण महतो ने बैठक के दौरान कहा कि टाटानगर रेलवे स्टेशन की मुख्य पार्किंग में यात्रियों के साथ आए दिन दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने रेल प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर इस पर रोक लगाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक और वरीय अधिकारियों ने सांसद द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर समुचित व समयबद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा जो विषय क्षेत्राधिकार से बाहर हैं, उन्हें शीघ्र रेलवे बोर्ड को भेजने की बात कही।

# वन विभाग की विध्वंसक कार्रवाई झारखंड-बिहार सीमा पर छह अवैध आरा मिल ध्वस्त

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### पेड़ों की अवैध कटाई पर सख्त वन विभाग, सीमावर्ती इलाके में ध्वस्त की गई अवैध मिलें




**चतराः** उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा के निदेर्शानुसार, प्रतापपुर वन क्षेत्र पदाधिकारी अजीत कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड-बिहार की सीमा पर संचालित छह अवैध आरा मिलों को ध्वस्त कर दिया। यह संयुक्त अभियान प्रतापपुर, कुन्दा, हंटरगंज, राजपुर प्रक्षेत्र के साथ-साथ बिहार के इमामगंज और शेरघाटी वन प्रक्षेत्र के अधिकारियों द्वारा अभियान चला गया। टीम ने पकड़ी, सलाईया और केवलडीह सहित कई स्थानों पर छापेमारी की। झारखंड के पेड़ो का कटाई का कार्य में बिहार के तस्कर काफी सक्रिय है। इस दौरान जेसीबी मशीनों और आधुनिक उपकरणों की मदद से अवैध मिलों को नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान कई प्रजातियों की बहुमूल्य लकड़ियां बरामद की गईं और कुल 9 ट्रैक्टर लकड़ी जब्त कर इमामगंज वन क्षेत्र कार्यालय भेजी गई। वन क्षेत्र पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया। सूचना मिल रही थी कि सीमा क्षेत्र में लंबे समय से अवैध आरा मिलें चल रही हैं, जो जंगलों को तेजी से उजाड़ रही थीं।

उन्होंने कहा कि वन विभाग आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रखेगा ताकि जंगलों की अवैध कटाई पर पूरी तरह रोक लग सके। पेड़ों की कटाई से होने वाले नुकसान पर आम जनता को गंभीर होने आवश्यकता है। वन विभाग के अनुसार अवैध पेड़ कटाई से न केवल पर्यावरण को गहरा नुकसान पहुँचता है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन, भूमि कटाव और वर्षा की कमी जैसी गंभीर समस्याओं को भी जन्म देता है। पेड़ों के अंधाधुंध कटने से जैव विविधता खत्म होती है, वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट होता है, और गांवों-शहरों में तापमान बढ़ने के साथ वायु प्रदूषण भी बढ़ता है। वन विभाग के पदाधिकारी ने कहा यह अभियान जारी रहेगा।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध सदैव मुखर रहने वाले समाजसेवी सह प्रो.रामदेव पासवान के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**चतराः** भ्रष्टाचार के विरुद्ध टंडवा में निर्भीकता और बेबाकी से अपनी राय रखने वाले समाजसेवी सह वनांचल महाविद्यालय में हिंदी के प्रोफेसर रामदेव पासवान का आकस्मिक निधन से पूरे टंडवा में शोक की लहर है। चतरा पत्रकार संघ जिले के पत्रकार शैलेश सिंह, कुंदन पासवान, शशि पाठक, राहुल सिंह समेत अन्य ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुवे ईश्वर से मृतात्मा को शांति व असह्य वेदना से संतप्त मर्माहत परिजनों को असीम सहनशक्ति प्रदान करने की कामना की है। पत्रकार संघ ने कहा श्री पासवान निर्भिक होकर बेबाकी से अपनी राय रखते थे, उनका असमय गोलोक गमन अपूर्णीय क्षति हैं। विदित हो कि शोषितों वंचितों समेत क्षेत्र हित को लेकर वे संचालित विभिन्न परियोजनाओं हमेशा हाशिये पर रखने की अदम्य हिम्मत रखा करते थे। लोगों का मानना है कि उनका असमय गमन भ्रष्टाचारियों के हिम्मत को बढ़ायेगा। वहीं प्रेस क्लब संघ चतरा के अध्यक्ष सुनील कश्यप ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है ।

# रामगढ़ पुलिस ने पिस्टल के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### दोनों अपराधी पांडे गिरोह से रखते हैं ताल्लुक

रामगढ़ जिले के पतरातु सांकुल आम बगीचा स्थित पुलिस ने पिस्टल के साथ दो अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा, जिसकी जानकारी आज एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया की मुझे गुप्त सूचना मिली कि पतरातु थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सांकुल स्थित आग बगीचा में संगठित अपराध के कुछ लोग एकत्रित होकर किसी बड़ी घटना को अजाम देने की षड़यंत्र पूर्वक योजना बना रहे है।

पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु गौरव गोस्वामी सहायक पुलिस अधीक्षक सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा सांकुल आम बगीचा पहुँच कर सशस्त्र बल के साथ घेराबन्दी करते हुए छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में पुलिस की



देखकर कुछ व्यक्ति भागने लगे जिनमें से दो व्यक्ति को पुलिस के द्वारा खदेडकर पकड़ा गया वही चार व्यक्ति रात का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। उक्त दोनों व्यक्ति से नाम इरफान उर्फ रेहान पिता-ईरशाद,दूसरा राजेश साव पिता स्वः भुनेश्वर साव, सांकूल स्टेशन रोड, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़ दोनों व्यक्ति का बारी-बारी से तलाशी लेने पर 7.65 एम०एम० लोहे का लोडेड एक देशी पिस्टल मैगजीन बरामद किया और बीएनएस व आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया, उक्त दोनों व्यक्तियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। दोनों व्यक्ति से सख्ती से पूछताछ करने पर बताया गया कि हमलोग संगठित अपराध से जुड़े पाण्डेय गिरोह के सदस्य है। कल संध्या के समय पतरातु ब्लॉक निवासी स्व० जुगेश राम के बेटा विशाल राम के द्वारा राजेश साव के भतीजा आकाश कुमार के साथ वॉलीबॉल खेलने को लेकर संध्या लड़ाई हुआ था। तत्पश्चात उक्त अभियुक्तों के द्वारा आकाश कुमार के साथ हुये लड़ाई-झगड़े को लेकर देर रात्रि में बदले की भावना को लेकर एवं पाण्डेय गिरोह का दहशत कायम रखने के लिए जानलेवा हमला करने का षड़यंत्र पूर्वक योजना बना रहे थे। । अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध छापामारी जारी है। रामगढ़ गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# सटकी में फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो

निजाम खान। राष्ट्र संवाद



झारखंड के जामताड़ा जिले के कुंडहित प्रखंड के ग्राम सटकी में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचते ही ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मैदान में उमड़ी भीड़ ने खेल के प्रति क्षेत्र की गहरी रुचि को दशार्या।

विधानसभाध्यक्ष महतो ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती बनाए रखता है बल्कि अनुशासन, एकता और टीम भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही दिशा और अवसर देने की। सरकार की ओर से ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनसे खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। फुटबॉल मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में उत्साह देखने लायक था। विधानसभाध्यक्ष ने सभी को खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया।

# धनबाद जिले के सभी अपराधियों की प्रोफाइल तैयार की जायगी:एसएसपी

धनबाद ‖ जिल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रहने वाले अपराधियों की पूरी प्रोफाइल तैयार की जायेगी‖ इसमें उनकी फोटो से लेकर आपराधिक इतिहास और अभी की स्थिति पूरी जानकारी होगी। इसके आधार पर थाना में डोजियर खोला जायेगा और जरूरत पड़ी तो कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।उक्त बातें धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार ने क्राइम मीटिंग के दौरान कही. उन्होंने इस संबंध में सभी थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर व डीएसपी को जरूरी निर्देश दिये. बैठक में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव के अलावा सभी डीएसपी, एसडीपीओ, थाना प्रभारी व सर्कल इंस्पेक्टर मौजूद थे।

आठ सौ केस का हुआ डिस्पोजल क्राइम मीटिंग के दौरान बताया गयाकि जिला के सभी थाना प्रभारी द्वारा आठ सौ केस का डिस्पोजल किया गया है. अब जिला में 2500 से कम मामले लंबित हैं. एसएसपी ने बताया कि दिसंबर माह तक दो हजार से कम केस लंबित रहेंगे.

साइबर कैफे व सीएसपी का करें भौतिक सत्यापन धनबाद पुलिस ने सोमवार को प्रिंस खान गिरोह के 12 सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, इनमें से चार साइबर कैफे व सीएसपी संचालक भी शामिल थे। इसे लेकर एसएसपी ने जिला के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया कि वह अपने क्षेत्र के सभी सीएसपी संचालक व साइबर कैफे संचालक की डिटेल लें और स्वयं जाकर उन्हें बतायें कि यदि उनके पास कोई नगद राशि किसी खाते में भेजने के लिए कहता है तो उसकी फोटो से लेकर अन्य डिटेल लें। इसकी एक कॉपी पुलिस को उपलब्ध करायें. यदि वे वह जमाकर्ता को नहीं पहचानते हैं तो ऐसे लोगों की राशि किसी के खाते में न डालें। एसएसपी ने बताया कि जिन चार सीएसपी व साइबर कैफे संचालक को प्रिंस खान का रुपया ट्रांसफर करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, उनके खिलाफ कोर्ट से आदेश लेकर उनका सीएसपी व साइबर कैफे बंद कराया जायेगा।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला पूर्वी सिंहभूम की मासिक बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### अपने प्रकल्प के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी से भेंट करने वाले श्री मनोज कुमार जी, रोजगार आयाम प्रमुख को भी सम्मानित किया गया।

आज स्थानीय तुलसी भवन के प्रयाग कक्ष में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत पूर्वी सिंहभूम जिला की मासिक बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री पप्पू सिंह जी ने की ।बैठक मुख्य रूप से दो सत्र में हुई। इस बैठक का संचालन सह सचिव श्री रोहित जी ने किया।? मंच पर प्रांत उपाध्यक्ष श्रीमती एंजेल उपाध्याय जी, प्रांत संगठन मंत्री श्री प्रभु जी, जिला अध्यक्ष श्री पप्पू जी एवं जिला सह-सचिव श्री रोहित जी उपस्थित रहे।

बैठक का प्रारंभ ग्राहक गीत से हुआ, जिसे श्रीमती वंदना जी ने प्रस्तुत किया।

इसके उपरांत संगठन मंत्र का वाचन श्री अंकेश जी द्वारा किया गया। प्रांत महिला आयाम प्रमुख रूबी लाल जी के दिवंगत पति स्व. ओम प्रकाश लाल जी के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया ।परिचय सत्र श्रीमती प्रीति सिंह जी के द्वारा संपन्न हुआ।

तत्पश्चात श्री मनोज कुमार जी, प्रांत रोजगार सृजन आयाम प्रमुख, का जिला अध्यक्ष श्री पप्पू सिंह जी के द्वारा स्वागत किया गया ।उनका यह स्वागत विशेष रूप से इसलिए किया गया क्योंकि उनका प्रकल्प "Surdip Natural Fishing and Eco Tourism"देशभर की चयनित परियोजनाओं में शामिल हुआ है तथा उन्हें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ आयोजित परिचर्चा में



सहभाग का अवसर मिला । यह झारखंड प्रांत एवं संगठन दोनों के लिए गर्व का विषय है ।सम्मान के उपरांत मनोज जी ने अपने अनुभव साझा करते हुए संगठन के कार्यकताओं को रोजगार सृजन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने हेतु प्रेरित किया ।सितंबर माह के कार्य की समीक्षा प्रांत उपाध्यक्ष श्रीमती ऐंजिल जी के द्वारा की गई। इसके पश्चात प्रांत संगठन मंत्री श्री प्रभु जी द्वारा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी एवं योजना प्रस्तुत की गई।

आगामी ग्राहक परिचय वर्ग की तैयारी पर भी चर्चा हुई।

प्रत्येक माह न्यूनतम दो ज्ञापन एवं एक फळक आवेदन दाखिल करने को कहा।

जिले में मासिक बैठक का नियमित आयोजन होने और सभी खंडों तक संगठन का विस्तार सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

आगामी प्रांत अभ्यास वर्ग में जिले की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो ऐसी अपेक्षा की ।उन्होंने बताया कि ग्राहक जागरण पखवाड़ा दिनांक 15 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा।

द्वितीय सत्र में मंच पर प्रांत अध्यक्ष डॉ कल्याणी जी, क्षेत्र संगठन मंत्री श्री शिवाजी क्रांति जी,जिला अध्यक्ष श्री पप्पू जी एवं जिला सचिव श्री शंभू जयसवाल जी उपस्थित रहे।


श्री शिवाजी क्रांति जी, क्षेत्र संगठन मंत्री ने ‖जिला कार्यकारिणी का स्वरूप एवं कार्य पद्धति‖ पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया ।प्रांत अध्यक्ष डॉ. कल्याणी कबीर जी ने अपने आशीर्वचन में संगठन की दिशा और कार्यप्रणाली पर प्रेरक उद्बोधन दिया ।अंत में श्रीमती विजयलक्ष्मी जी द्वारा शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ

।बैठक में मुख्य रूप से प्रांत पर्यावरण आयाम प्रमुख डॉ अनीता जी,प्रांत महिला जागरण आयाम प्रमुख श्रीमती रूबी लाल जी,जिला से उपाध्यक्ष श्री डी पी शुक्ला जी, सचिव श्री शंभू जयसवाल जी,सह सचिव श्री रोहित जी,पर्यावरण आयाम सह प्रमुख श्रीमती वंदनाजी, महिला जागरण आयाम प्रमुख श्रीमती प्रीति जी, सह प्रमुख श्रीमती विजयलक्ष्मी जी, विधि आयाम प्रमुख श्री सुनीश जी, प्रचार आयाम प्रमुख श्री अंकेश जी,सह प्रमुख श्री शेखर वेंकटेश जी, कार्यकारिणी सदस्य श्री विवेकानंद जी, कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती योगिता नायडू जी एवं पोटका खंड संयोजक श्री जयदेव मंडल जी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### डीसी लाउज फैमिली सलून मे तोड़ फोड़ करने वाले उपद्रवियो पर कठोर कार्रवाई करे पुलिस- विहिप

राष्ट्र संवाद संवाददाता



विश्व हिन्दू परिषद जमशेदपुर के विभाग मंत्री अरूण सिंह ने कहा कि जमशेदपुर मे कल ट्युशन पढ़ने वाले नाबालिक बच्चो मे छोटी सी बात से हुए झगड़े को एक विशेष समुदाय के लोगो के द्वारा तुरंत भिड़ जुड़ा कर हिन्दु बच्चो पर हमला करने की कोशिश किया गया उन हिन्दू बच्चो को बचाने का कोशिश करने वाले राहगीर एवं वहा के दुकानदारो को निशाना बनया गया उसके बाद विशेष समुदाय के उपद्रवियो के द्वारा शहर के एक प्रमुख फैमली सलून मे जिस तरीके से तोडफोड किया गया है जिसके कारण उस सलून मे काम करने वाले कर्मचारी दहशत मे है जमशेदपुर मे इसतरह की धटना कभी नही हुआ था इसलिए जिला प्रशासन से आग्रह करता हूँ कि उपद्रवियो पर कडी से कडी कारवाई करे ताकी जमशेदपुर मे शान्ति बनी रहे।अगर उपद्रव करने वालो यर पर पुलिस कडी कारवाई नही करेगी तब विश्व हिन्दू परिषद जमशेदपुर के कार्यकर्ता डीसी लाउज के व्यवस्थापक को न्याय दिलाने के लिए चरणबद्ध आन्दोलन करेगे।

### अपराधियों ने एक कारोबारी को दिनदहाड़े कई गोलियां मारी




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**राँची।** कटहल मोड़ में अपराधियों ने एक कारोबारी को दिनदहाड़े कई गोलियां मारी।

अपराधियों की गोलीबारी में घायल कारोबारी राधेश्याम साहू को पुलिस के द्वारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि राधेश्याम साहू हर दिन की तरह अपनी दुकान शांभवी इंटरप्राइजेज के पास खड़े थे।

इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए, पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रही है। वहीं राधेश्याम के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

### ग्रुप केन्द्र जादूगोड़ा में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का तीन दिवसीय जमशेदपुर बास्केट बॉल का हुआ समापन




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** : ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, जादूगोड़ा (जमशेदपुर )में श्री रमेश कुमार, उप महानिरीक्षक के कुशल मार्गनिर्देशन में झारखण्ड सेक्टर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधीन परिचालनिक बटालियन एवं ग्रुप केन्द्र स्तर पर वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत 3 दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन आज बुधवार को समापन हो गया।इधर इस मौके पर उप महानिरीक्षक रमेश कुमार ने विजेता व उप विजेता टीम को किया पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

यह प्रतियोगिता टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स जमशेदपुर में आयोजित किया गया। जिसका समापन जादूगोड़ा कैंप परिसर में की गई।इस प्रतियोगिता में झारखण्ड राज्य में स्थित 8 बटालियन एवं 2 ग्रुप केन्द्र से 69 प्रतिभागियो द्वारा भाग लिया गया। इस प्रतियोगिता में ग्रुप केंद्र जमशेदपुर विजेता और 174 बटालियन उपविजेता रहा। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार सिपाही रामपाल माली 174 बटालियन को दिया गया। विजेता और उपविजेता एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को शील्ड और मेडल से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। द् इस अवसर पर इस ग्रुप केन्द्र के श्री रमेश कुमार उप महानिरीक्षक, डॉ. उर्मिला गारी, उप महानिरीक्षक (चिकित्सा), डॉ. मीना नवीन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एस.जी.), नीरज कुमार, उप कमाण्डेंट,तरुण बेरा सहायक कमांडेट और अन्य अधिकारी,अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान तथा डॉ हसन इमाम अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच हैंडबॉल उपस्थित थे।

### एसडीओ ने रेड क्रॉस सोसायटी की एंबुलेंस का किया उद्घाटन

**धनबाद**।अनुमंडल पदाधिकारी सह भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, धनबाद, के पदेन उपाध्यक्ष श्री राजेश कुमार ने आज भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की एंबुलेंस का विधिवत उद्घाटन किया।

मौके पर सोसाइटी के चेयरमैन श्री कौशलेंद्र कुमार सिंह, वाईस चेयरमैन श्री धनेश्वर महतो, सचिव सह कार्यपालक दंडाधिकारी श्री रविन्द्र नाथ ठाकुर, संयुक्त सचिव श्री दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष श्रीमती श्वेताम्बरा पाठक, कार्यकारिणी सदस्य श्री कुमार मधुरेन्द्र सिंह, डॉ जिम्मी अभिषेक, श्री देवेन्द्र कुमार, श्री अनिल भगत, श्रीमती बेनजीर परवीन, श्री लीला माजी, अधिवक्ता व अन्य लोग मौजूद थे।

आवश्यकता है

राष्ट्र संवाद मासिक, वेब पोर्टल, साप्ताहिक और दैनिक अखबार के लिए झारखंड-बिहार में हर जिले के लिए पत्रकार की जरूरत है। इसके अलावा पत्रकारिता का शौक रखने वाले चाहे वह अन्य किसी भी राज्य से हो, संपर्क या ईमेल कर सकते हैं।




:: संपर्क ::
9431977839
9102339999

ईमेल : rashtrasamvadgroud@gmail.com

# दीपावली में मिट्टी की खुशबू: स्वदेशी दिए और घरौंदे से सजेगा जमशेदपुर, कुम्हारों के खिले चेहरे

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : दीपावली यानी दीपों का त्योहार। इस पर्व में मिट्टी के दिए और घरौंदों का खास महत्व होता है, जो स्वच्छता, सादगी और भारतीय परंपरा के प्रतीक हैं। दीपावली के अवसर पर लोग मिट्टी के बने दिए और घरौंदे खरीदकर अपने घरों को सजाते हैं। इसी को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपील की है कि लोग इस दीपावली पर स्वदेशी सामानों – विशेषकर मिट्टी के दिए और घरौंदे – कुम्हारों से खरीदें, ताकि स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन मिल सके।

शहर के बिष्टुपुर से साकची जाने वाले मार्ग पर गरम नाला के पास इस समय दीपावली की रौनक देखने को मिल रही है। यहां झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आए कुम्हार मिट्टी के दिए, घरौंदे और घरों की सजावट के लिए बने मिट्टी के अन्य सामान बेच रहे हैं। यह कोई बड़ा अपार्टमेंट या बंगला नहीं, बल्कि मिट्टी से गढ़ी भारतीय कला की झलक है – जो हमारे देश की परंपरा और मेहनतकश कारीगरों की पहचान है।



कुम्हारों का कहना है कि इस वर्ष बिक्री अच्छी हो रही है और लोग उत्साहपूर्वक मिट्टी के बने सामान खरीद रहे हैं। खरीदारी करने पहुंचे लोगों ने बताया कि दीपावली पर मिट्टी के दिए और घरौंदों का अलग ही महत्व होता है। प्रधानमंत्री की स्वदेशी अपील का असर जमशेदपुर के लोगों में भी स्पष्ट दिख रहा है। बच्चे भी उत्साहित हैं और अपने घरों को मिट्टी के घरौंदों और स्वदेशी सजावट से सजा रहे हैं।

खरीदारों ने कहा कि मिट्टी के बने दिए और घरौंदे खरीदना न केवल परंपरा को जीवित रखता है, बल्कि देश के कुम्हारों की मदद भी करता है। उनका कहना है कि सभी को इस दीपावली पर मिट्टी से बने दिए, घरौंदे और सजावट के सामान स्थानीय कुम्हारों से ही खरीदने चाहिए।

वहीं कुछ बुजुर्गों ने भावुक होकर कहा – ह्लजब हम बच्चों को मिट्टी के घरौंदे बनाते देखते हैं तो हमें अपना बचपन याद आ जाता है। पहले हम खुद मिट्टी और ईंटों से दीपावली के घर बनाया करते थे।ह्व उन्होंने आगे कहा कि अपने देश के बने सामानों का उपयोग करना न केवल परंपरा का सम्मान है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम भी है।

देश की मिट्टी की खुशबू अलग ही होती है। इस दीपावली पर हम सब यह संकल्प लें कि अपने देश के कुम्हारों की मदद करेंगे और मिट्टी के दिए, घरौंदे तथा सजावटी सामान खरीदकर अपने घरों को स्वदेशी रोशनी से सजाएंगे।

## सार-संक्षेप

### दिसंबर में महर्षि पाणिनी उत्सव का होगा आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर।** पाणिनी उत्सव समिति, जमशेदपुर के तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परम्परा के श्लाका पुरुष महर्षि पाणिनी के जीवन चरित्र का उत्सव जमशेदपुर में आगामी दिसंबर माह में मनाने का निश्चय किया गया।

इस आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को पीएम श्री उत्क्रमित पीपुल्स अकादमी +2 विद्यालय में राजदेव सिन्हा की अध्यक्षता में नगर के सुधीजनों की बैठक आयोजित की गई।

इसमें विभिन्न विद्यालयों के निष्ठावान शिक्षकों के अतिरिक्त डॉ रागिनी भूषण भी उपस्थित रहीं।

समिति के सचिव चन्द्रदीप पाण्डेय ने बताया कि इस आयोजन में राँची, कोलकाता, देवघर तथा भागलपुर के विद्वान महर्षि पाणिनी के जीवन चरित्र, उनके योगदान तथा वर्तमान समय के विज्ञान एवं तकनीकी में पाणिनी की प्रासंगिकता की विशद विवेचना करेंगे।

समिति की अगली बैठक दो नवम्बर को पीएम श्री उत्क्रमित पीपुल्स अकादमी +2 विद्यालय न्यू बाराद्वारी जमशेदपुर में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित की जाएगी।

समिति भारतीय ज्ञान परंपरा में आस्था रखने वाले नगर के सभी ज्ञान पिपासुओं को आगामी बैठक में भाग लेने का आह्वान करती है।

कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए राजदेव सिन्हा से 9431340533, डॉ रागिनी भूषण से 6201100279 और चन्द्रदीप पाण्डेय से फोन नंबर 7004315935 पर संपर्क साधा जा सकता है।

### मानगो में कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान, मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर जताया रोष



राष्ट्र संवाद संवाददाता


**जमशेदपुर (मानगो)**: झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंगलवार को मानगो क्षेत्र में ह्लवोट चोर गद्दी छोड़ह्व कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अंसार खान ने किया।

अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकताओं ने जवाहर नगर, आजाद नगर, गुलाब बाग, बागान शाही, डिमना बस्ती, झारखंड कॉलोनी, आजाद नगर रोड नंबर 2 मार्केट और पुरुलिया रोड मार्केट सहित कई इलाकों में डोर-टू-डोर जाकर आम जनता से हस्ताक्षर अभियान में सहयोग मांगा।

अंसार खान ने इस दौरान कहा कि मतदाता सूची में भारी अनियमितताएं हैं – कई जगह एक ही व्यक्ति का नाम बार-बार दर्ज है, जबकि कई मतदाताओं के नाम और पिता का नाम तक सूची में सही दर्ज नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ह्लहमारे वोट का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है, और यह लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है।ह्व

आज के इस हस्ताक्षर अभियान में जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिला महासचिव रश्मि निगार और समाजसेवी जुबेर मलिक ने सक्रिय सहयोग किया। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर चुनाव आयोग को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

### करिम सिटी कॉलेज में मनाया गया विश्व हाथ धुलाई दिवस



राष्ट्र संवाद संवाददाता

करिम सिटी कॉलेज में 15 अक्टूबर 2025 को विश्व हाथ धुलाई दिवस सेंट्रल करीमिया स्कूल के बच्चों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में हाथ स्वच्छता के महत्व को समझाना था। स्वयंसेवकों ने सही हाथ धोने की विधि दिखाई और ह्लस्वच्छ हाथ, स्वस्थ भविष्यह्व जैसे नारों से परिसर गूंज उठा।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रियाज ने पहल की सराहना की। अंत में सभी छात्रों और स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अपनाने और दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### घाटशिला उपचुनाव: जेएमएम ने सोमेश सोरेन पर जताया भरोसा बाबा के अधूरे सपनों को पूरा करने का लिया संकल्प



राष्ट्र संवाद संवाददाता

घाटशिला उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने स्वर्गीय रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। प्रत्याशी बनने के बाद सोमेश सोरेन बुधवार को जमशेदपुर पहुंचे, जहां पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सोमेश सोरेन अपनी मां के साथ कदमा स्थित स्वर्गीय सुधीर महतो के समाधि स्थल पहुंचे और माथा टेककर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि अपने बाबा का अधूरा काम पूरा करेंगे और जनता के प्यार व आशीर्वाद से झामुमो की सरकार को और मजबूत बनाएंगे।

### घाटशिला उपचुनाव: मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों को मिलेगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा — जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधकों संग की बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारीझसहझउपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने घाटशिला (अ.ज.जा) विधानसभा उपचुनाव-2025 के दौरान निर्वाचन कार्य में संलग्न मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने हेतु बुधवार को सरकारी एवं निजी अस्पताल प्रबंधकों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी आकस्मिक बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में बिना विलंब के कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाए।

## मारवाड़ी समाज, काशीडीह की अनोखी पहल - समाज के लोगों के लिए शुद्धता और विश्वास से भरपूर दीपावली मिठाई योजना, भट्टी पूजन कर मिठाई बनाने की गई शुरूवात

राष्ट्र संवाद संवाददाता

इस दीपावली पर जब पूरा बाजार मिलावटी मिठाइयों और असुरक्षित खाद्य पदार्थों से भरा हुआ है, वहीं मारवाड़ी समाज, काशीडीह ने समाजहित में एक अद्भुत और सराहनीय पहल की है। इस पहल का उद्देश्य है झ समाज के परिवारों को शुद्ध, स्वादिष्ट और सस्ती मिठाइयाँ उपलब्ध कराना, ताकि हर घर में दीपावली की मिठास बिना किसी चिंता के घुल सके।

मारवाड़ी समाज काशीडीह के पदाधिकारियों के अनुसार, हर वर्ष दीपावली के अवसर पर बाजार में मिठाइयों की माँग बढ़ जाती है, परंतु शुद्धता की कोई गारंटी नहीं होती। इस कारण समाज के अनेक परिवार शुद्ध मिठाइयाँ खरीदने को लेकर असमंजस में रहते हैं। इसी



समस्या का समाधान करते हुए इस वर्ष मारवाड़ी समाज काशीडीह ने स्वयं की देखरेख में, शुद्ध देशी घी एवं उत्तम गुणवत्ता के सूखे मेवों से तैयार मिठाइयाँ बनवाने और उन्हें किफायती दरों पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

इस योजना के अंतर्गत सभी मिठाइयाँ समाज के विश्वसनीय सदस्यों की निगरानी में तैयार की जा रही हैं, ताकि गुणवत्ता, स्वच्छता और पारदर्शिता के सभी मानक बनाए रखे जा सकें।

भट्टी पूजन पंडित अमित शर्मा ने करवाई, जिसमें मुख्य यजमान मारवाड़ी समाज काशीडीह के अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल थे। इस दौरान श्री जगन्नाथ जी जैन, श्री नरेश खंडेलवाल, श्री सांवर जी अग्रवाल, श्री लक्ष्मी नारायण बंसल, श्री श्याम गोयल, श्री श्याम सुंदर अग्रवाल, श्री पवन अग्रवाल, श्री अंकित मोदी, श्री संजय शर्मा, श्री कैलाश केवलका, संजय भोलिका एवं समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस योजना को अमलीजामा पहनाने में विशेष रूप से लाला मूनका, अंकुश जवानपुरिया, विमल अग्रवाल, मनोज चेतानी और आकाश शाह का योगदान रहा।

## महापर्व छठ पर शिविर लगाकर सेवा करेगा तैलिक साहू महासभा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा साकची एमजीएम अस्पताल के पास भामाशाह चौक पर महापर्व छठ के शुभ अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बुधवार को साकची जिला कार्यालय में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था के जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने बताया कि 24 अक्टूबर शुक्रवार को भामाशाह चौक में निःशुल्क लौकी का वितरण किया जाएगा। 25 अक्टूबर शनिवार को 201 सूप का वितरण होगा। 26 अक्टूबर रविवार की संध्या मानगो स्वर्ण रेखा नदी घाट में



शिविर का उद्घाटन कर पूजन सामग्री अगरबत्ती, सिंदूर, रुई, आम का दातुन, कपूर, धी का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। 27 अक्टूबर सोमवार को सुबह गाय का दूध, छठ व्रत धारी के लिए चाय बिस्कुट एवं जल का निःशुल्क व्यवस्था किया जाएगा। साथी जिला के जितने भी छठ घाट हैं सभी को साफ सफाई करने का जिम्मा क्षेत्रीय कमेटी को आदेश दिया जिन जिन क्षेत्रों में छठ व्रत धारी को किसी भी प्रकार का जरूरत हो छठ करने में असमर्थ हो ऐसे लोगों को आर्थिक मदद करने पर भी चर्चा की गयी।

आज की बैठक का संचालन वरीय उपाध्यक्ष शिवलोचन शाह ने किया। बैठक को सफल बनाने में मुख्य रूप से वरीय उपाध्यक्ष रंजीत कुमार साव, महासचिव पप्पू साहू, बागबेड़ा थाना क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष गुप्ता, सत्यदेव प्रसाद, जिला सचिव अशोक साहू, महिला मानगो अध्यक्ष कंचन देवी पिंटू साव, मंटू साव, सागर साव, आयुष गुप्ता, शुभम गुप्ता आदि मौजूद थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन युवा उपाध्यक्ष गौतम साहू ने किया।

## छठ पूजा की तैयारियों का आगाज: उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया घाटों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर:** महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी और वरीय पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडेय ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने पांडेय घाट, स्वर्णरेखा घाट (मानगो पुल), दोमुहानी घाट, और पंप हाउस घाट (मानगो) का जायजा लिया। इस दौरान सिटी एसपी श्री कुमार शिवाशीष, एडीएम (लॉ एंड



ऑर्डर) श्री भगीरथ प्रसाद, उप नगर आयुक्त (जेएनएसी), डीटीओ, एसडीएम धालभूम, तथा जुस्को के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

अधिकारियों ने घाटों पर साफ-सफाई, बेरिकेडिंग, चेंजिंग रूम निर्माण, डेंजर जोन की पहचान, विद्युत व्यवस्था, पहुंच पथ की मरम्मती और सुरक्षा प्रबंध को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि सभी घाटों पर जनसुविधाओं की व्यवस्था समय पर पूरी की जाए ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडेय ने सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती और यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि यह निरीक्षण प्रशासनिक तैयारियों के प्रारंभिक चरण का हिस्सा है। आने वाले दिनों में संबंधित विभागों के साथ समन्वय बैठक कर कार्य प्रगति की समीक्षा की जाएगी ताकि छठ पूजा का पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

## पिस्टल के साथ पकड़ा गया युवक भूमि माफियाओं का बढ़ता मनोबल चिंता का कारण

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर:** जमशेदपुर के एमजीएम थाना क्षेत्र के एनएच-33 पर जमीन की घेराबंदी करने गए एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा। ग्रामीणों ने युवक की जमकर पिटाई की। तलाशी में उसके पास से एक पिस्टल बरामद हुई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गिरफ्तार कर पिस्टल जब्त कर ली।

पुलिस ने गिरफ्तार युवक की पहचान राहुल और राजा के रूप में की है। प्राथमिक पूछताछ में उसने जमीन पर कब्जा करने की नीयत और पिस्टल साथ रखने की बात स्वीकार की, लेकिन घटना के पीछे अन्य सहयोगियों या बड़े ताकतों के होने का खुलासा अभी नहीं हुआ है। पुलिस उसकी संलिप्तता और घटना के मकसद की गहनता से जांच कर रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में ऐसे कई घटनाक्रम हुए हैं जिनमें बदमाश और कथित भूमि माफिया खुलेआम सक्रिय दिखते हैं। ग्रामीणों में भय के साथ-साथ यह भी चिंता दिख रही है कि भूमि विवाद को हथियारबंद तत्वों के जरिए अंजाम दिया जा रहा है – जिससे यह खतरा और बढ़ रहा है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए युवक से पूछताछ जारी है और आसपास के CCTV व अन्य साक्ष्यों की भी पड़ताल की जा रही है। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## बिस्टुपुर में कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, 25 अक्टूबर तक चलेगा वोट चोर अभियान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर (बिस्टुपुर)**: पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह की अध्यक्षता में बिस्टुपुर स्थित तिलक पुस्तकालय में कांग्रेस की प्रथम जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि ह्लवोट चोर गद्दी छोड़ह्व अभियान 25 अक्टूबर तक जिलेभर में चलाया जाएगा। साथ ही, घाटशिला उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी सोमेन सोरेन



को विजयी बनाने के लिए रणनीति भी तैयार की गई।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बमार्माइंस निवासी किशोर प्रभात ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह ने उन्हें माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव संजीव श्रीवास्तव, जिला महासचिव चिन्ना राव, विश्वजीत जेना, रजनीश सिंह, अविनाश सिंह, तथा युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू समेत कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।बैठक में सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया।

## जमशेदपुर में 250 करोड़ का जीएसटी घोटाला उजागर, बोकारो से व्यापारी प्रदीप कलबेलिया गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : बिष्टुपुर स्थित जीएसटी विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 250 करोड़ रुपये से अधिक के जीएसटी घोटाले का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में विभाग ने व्यापारी प्रदीप कलबेलिया को बोकारो जिले के चास से गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई के दौरान विभाग ने 50 लाख रुपये से अधिक की नकदी, कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, कंप्यूटर, मोबाइल, पेन ड्राइव, लैपटॉप और फर्जी चालान बुक जब्त की हैं। साथ ही, आरोपी के कई बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का



एमजीएम अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

जीएसटी विभाग के एडिशनल डायरेक्टर सार्थक सक्सेना ने बताया कि यह झारखंड का अब तक का सबसे बड़ा जीएसटी घोटाला है, जिसका नेटवर्क पूरे राज्य में फैला हुआ है। फर्जी बिल बनाकर बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की जा रही थी।

सक्सेना ने बताया कि प्रदीप कलबेलिया इस नेटवर्क का एक प्रमुख सदस्य है, जिसके ऊपर दो अन्य लोग और हैं, जबकि इसके नीचे कई एजेंट और व्यापारी काम करते हैं। उनकी गिरफ्तारी के बाद और भी कई लोगों की गिरफ्तारी की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार, यह गिरोह झारखंड के विभिन्न जिलों में फर्जी कंपनियां बनाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट का दुरुपयोग करता था और करोड़ों रुपये का घोटाला अंजाम दे रहा था।

## सेवाव्रती नील संघ क्लब की विजया सम्मेलनी पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, तनुश्री बोस सम्मानित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** कदमा स्थित सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था सेवाव्रती नील संघ क्लब ने विजया सम्मेलनी के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मिसेज इंडिया नेशनल ग्लैम प्राइड 2025 (प्रथम रनर-अप) बनीं कदमा निवासी तनुश्री बोस को कार्यक्रम की अतिथि सामाजिक व सांस्कृतिक कर्मी पूरबी घोष, क्लब के अध्यक्ष अमित माइती एवं महासचिव निशित गिरी, कोषाध्यक्ष सुबीर कुंडू सह महिला सदस्यों ने शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत क्लब अध्यक्ष अमित माइती ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में



निशित गिरी ने माँ दुर्गा तुमि जगत जननी...', 'फाल्गुन पूर्णिमा राते चोलो पोलाए जाई...' जैसे भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किए। विजय बनर्जी ने ह्यकोतो जे सागोर नदीह्न, ह्यऐ काश की हम होश में अब आने न पाए...ह्न जैसे गीतों से कार्यक्रम में रंग जमाया। अन्य कलाकारों में: संध्या बांगो ह्यएक्टू बोसो चोले जिओना...ह्न, लीना दत्ता ह्यकालो जोले कुचला तोले...ह्न, पी सी दास ह्यकोथा होये चिलो तबु कथा होलो ना...ह्न, कोरोबी सिन्हा ह्यतुई केनो कादा दिली सादा कापोड़े...ह्न, इनकी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय बनर्जी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन टीटू दास द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन में अमित माइती, निशित गिरी, टीटू दास, अंजन सरकार, विजय बनर्जी, विश्वजीत कुमार, सुबीर कुंडू, झूना, देबू, स्वपन, बबला, खोखोन, नारू, बाबू, दीपक जगन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह आयोजन सांस्कृतिक सौहार्द और समुदाय के आपसी सहयोग का जीवंत उदाहरण रहा।

## संपादक की कलम से

# कैसे होगा बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट ?

**देवानंद सिंह**




चुनाव का समय है। आपकी, हमारी पूछ बढ़नी शुरू हो गई है। खूब लुभावने वायदे, जुमले सुनने को मिलने शुरू हो गए हैं। कोई कहता है कि बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट, एक बिहारी सब पर भारी, बिहार कअर की फैक्ट्री है, बिहारी बहुत मेहनती होते हैं, बिहार लोकतंत्र की जननी है, बिहार का इतिहास बहुत ही गौरवपूर्ण रहा है आदि आदि।

आपको लगता है कि क्या इस तरह के जुमलों, वायदों से हर बिहारी को झूमना शुरू कर देना चाहिए ? क्या अपनी-अपनी नाप वाला 56 इंच का सीना तानकर हर बिहारी को इस चुनावी मौसम में कसीदे पढ़ने शुरू कर देने चाहिए ? सच कहें तो कृपया इसे गाली के इतर कुछ भी मत समझिए। इन जुमलों पर अगर आप झूमते हैं, तो आपकी चेतना जा चुकी है।

आप सोचिए, कल सारा देश बिहार पर ही अपनी उँगली उठायेंगे और कहेंगे, तुम नालायकों की वजह से हम आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। वैसे अगर आपके पास कान है और थोड़ी भी चेतना बची है तो आप इसकी प्रतिध्वनि सुनने भी लगे होंगे। देश के विभिन्न राज्यों से बिहारियों के खिलाफ उठनेवाले स्वर इसी के उदाहरण हैं।

कभी आपने इस बात पर गौर किया है कि बिहार के बाहर अन्य राज्यों के लोगों में अधिकांश आपके प्रति क्यों सहानुभूति रखते हैं ? सहानुभूति कोई सकारात्मक शब्द नहीं है। अमूमन सहानुभूति उससे होती है जिसकी या तो दुर्गति हो रही होती है या फिर हो चुकी होती है। केरल, महाराष्ट्र या तमिलनाडु के लोगों के प्रति वैसी आम सहानुभूति नहीं दिखाई जाती क्योंकि उनकी माली हालत हम बिहारियों से हजार गुनी अच्छी है। हर तरह से वे हमसे बेहतर हैं।

मुगालते में नहीं रहें कि आप यानी बिहारी दूसरे राज्यों की जरूरत हैं। उनके बिना उन राज्यों का विकास संभव ही नहीं है। यह सब कुछ इन चुनावों में भी दोहराया जाएगा और आपको, हमको अहसास दिलाने की हर संभव कोशिश की जाएगी आप पूरे देश के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। लेकिन

आपको हकीकत पर ध्यान देना चाहिए। सबसे पहले यह जरूरी है कि आप यह मानना शुरू कर दें कि वास्तव में आपकी स्थिति कैसी है ? और हां जब आप सही में खुद का आंकलन करेंगे तो महसूस करेंगे कि यह वैसी तो एकदम नहीं है जैसी आप सब समझ रहे हैं। आप जीवन के हर क्षेत्र में अपने ही देश में सबसे निचले पायदान पर पड़े हैं।

अब आप पूछेंगे कि अभी इस तरह का ज्ञान क्यों दिया जा रहा है। हां, बिल्कुल ठीक आप कह रहे हैं। जरूरी नहीं है कि चुनाव आपकी और हमारी सभी समस्याओं को सुलझा दे। पर यह ऐसे लोगों को जरूर आपकी सेवा में ला सकता है जो आपकी समस्या को ठीक से समझ रहा है और उससे आपको उबारने की मंशा उनमें है। कुछ पैसे वालों की चमकदार स्थिति पूरे बिहारियों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता।

देश में हमारी और आपकी यानी बिहारियों की स्थिति क्या है उसकी एक संक्षिप्त बानगी पर गौर करें।

बिहार को सकल राज्य घरेलू उत्पाद (ॠरऊढ) की दृष्टि से देखें तो देश में उसका स्थान 28 राज्यों में 14वां है। वहीं देश की 9% जनसंख्या वाले राज्य का देश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 2% से भी कम है। नतीजतन बिहार की 15.73% जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे है। यहाँ की प्रति व्यक्ति आय (2023-24) ? 59,637 है जबकि राष्ट्रीय औसत ?1,72000 है।

इतना ही नहीं, बेरोजगारी की दर बिहार में करीब 13% है। 15-29 साल के लोगों में बेरोजगारी यहाँ 30% से भी अधिक है। और यह राष्ट्रीय औसत से तीन गुना है। वहीं वर्क फोर्स में महिलाओं की भागीदारी बिहार में 10% से भी कम है।

सामाजिक दृष्टि से देखें तो बिहार की करीब 60% जनसंख्या 25 साल से कम उम्र के लोगों की है। बिहार में जन्म दर देश में सबसे अधिक है। बिहार में 71.2% पुरुष और 51.5% महिलाएँ साक्षर हैं (2011 की जनगणना के अनुसार)। बड़ी संख्या में लड़कियों की शादी अभी भी 18 वर्ष से कम उम्र में हो जाती है। वहीं साक्षरता दर की बात करें तो बिहार में साक्षरता दर सबसे कम है। यहां साक्षरता दर 63.82 फीसदी है। सबसे कम साक्षरता के मामले में बिहार का नम्बर नीचे से अरुणाचल प्रदेश और राजस्थान के बाद आता है।

बुनियादी सुविधाओं की भी यहां काफी कमी रही है। हर साल बाढ़ से लाखों लोग प्रभावित होते हैं और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ता है। एक अनुमान के मुताबिक 73.63 फीसदी लोग यानी तीन चौथाई लोग हर साल बाढ़ की विभीषिका और उसके दंश को झेलते हैं वहीं स्वच्छता सर्वेक्षण में भी बिहार के कई शहर औसत से भी काफी नीचे हैं। इसे दूसरे शब्दों में अगर कहा जाए तो बिहार के कई शहर सबसे गंदे शहरों में शामिल हैं। ऐसे ही बिहार के प्रमुख एक शहर सहरसा की बात करें तो उसे सबसे गंदे शहर की सूची में पिछले दिनों रखा गया था।

2024 और 2025 के नवीनतम आंकड़ों और रिपोर्टों के अनुसार बिहार की स्थिति कई सामाजिक आर्थिक मापदंडों पर चिंताजनक बनी हुई है जो राज्य के बदतर हालात को पुष्ट करते हैं। गरीबी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कानून व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में बिहार को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

2025 की वेदांतु की एक रिपोर्ट के अनुसार बिहार प्रति व्यक्ति आय और गरीबी दूर के मामले में भारत का सबसे गरीब राज्य माना गया है।

2024 की इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट में नीति आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए बहुआयामी गरीबी वाले लोगों की संख्या सबसे ज्यादा बिहार में बताई गई थी जहां 2022-23 में 26.59 फीसदी आबादी इस श्रेणी में गरीब थी।

साक्षरता के मामले में बिहार के लोग कहां खड़े हैं इसकी एक बानगी प्राडक्टिव लेबर फोर्स सर्वे 2023-24 के आंकड़ों से भी मिलती है जिसमें साफ साफ बताया गया है कि बिहार उन राज्यों में है जहां सबसे कम साक्षरता दर है। स्कूलों में भी कम नामांकन हैं। 2025 की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि माध्यमिक स्तर पर बिहार में नामांकन दर 27.8 फीसदी है जो अन्य राज्यों की तुलना में बहुत ही कम है।

इतना ही नहीं, बिहार में बुनियादी ढांचे का अभाव है। बिहार के पास कमजोर शैक्षिक बुनियादी ढांचा है जो बढ़ती आबादी के लिए मांग और आपूर्ति के बीच एक बड़ा अंतर पैदा करता है। कमोबेश स्वास्थ्य सेवाओं का भी यही हाल है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की नवम्बर 2024 में जारी रिपोर्ट में भी बिहार की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की गंभीर स्थिति पर प्रकाश डाला गया है। डाक्टरों की भारी कमी का जिक्र किया गया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रति व्यक्ति एक हजार लोगों पर एक डाक्टर की सिफारिश के विपरीत नवम्बर 2024 तक बिहार में प्रति 2148 लोगों पर एक एलोपैथिक डाक्टर था। नीति आयोग के चौथे स्वास्थ्य सूचकांक (2021) में बड़े राज्यों के बीच समग्र स्वास्थ्य प्रदर्शन के मामले में बिहार दूसरे सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में उभर कर सामने आया था। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि बिहार को गरीबी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो राज्य की बद से बदतर स्थिति को दशार्ता है। इसलिए बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट, एक बिहारी सब पर भारी जैसे जुमलों को सुनकर इतराने की जरूरत नहीं बल्कि हकीकत को जानकर उसमें सुधार लाने की जरूरत है।

# एक लाख एकल शिक्षक स्कूलों की त्रासदी से त्रस्त शिक्षातंत्र

**ललित गर्ग**



भारत में आज भी कई सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चे सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे सभी विषय पढ़ रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय के साल 2024-25 के आधिकारिक डेटा के मुताबिक देश के कुल 1,04,125 स्कूलों में एक ही शिक्षक सभी कक्षाओं एवं सभी विषयों को पढ़ा रहे हैं। यह आंकड़ा हमारे शिक्षा तंत्र की विफलता को दशार्ता ही नहीं रहा है बल्कि चिन्ताजनक स्थिति को बयां कर रहा है। ये आंकडे.हमारे शैक्षणिक विकास पर एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर रहे हैं। ह्लशिक्षा किसी राष्ट्र की आत्मा होती है।ह्व स्वामी विवेकानंद का यह वाक्य आज भारत की शिक्षा व्यवस्था पर एक कसक बनकर उभरता है। जब शिक्षा की आत्मा घायल होती है तो राष्ट्र का शरीर कभी स्वस्थ नहीं रह सकता।

शिक्षा मंत्रालय के ये हालिया आंकड़े बताते हैं कि एकल शिक्षक स्कूलों में करीब पौने चौंतीस लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। बताया जाता है कि आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे ज्यादा थी, जबकि उसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। एक तो हमारे देश में शिक्षा का बजट पहले ही बहुत कम है, फिर उस धन का सही उपयोग नहीं हो पाना एक भ्रष्टाचार ही है। इसमें दो राय नहीं कि प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा के गिरते स्तर के मूल में हमारे नीति-नियंताओं की अनदेखी ही प्रमुख कारक है। आखिर हम अपने नौनिहालों को कैसी शिक्षा दे रहे हैं? आखिर उनके बेहतर भविष्य की हम कैसे उम्मीद करें? जाहिर बात है कि एक शिक्षक सामाजिक विषय, भाषा, विज्ञान, अंग्रेजी और गणित में माहिर नहीं हो सकता। एक शिक्षक छात्रों की हाजिरी दर्ज करेगा या पढ़ाई कराएगा? एकल शिक्षक स्कूलों का परिदृश्य भारत के विकास की पौल खोलने वाला है। भले ही एकल शिक्षक स्कूलों में पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई हो, फिर इतनी बड़ी संख्या में ऐसे स्कूलों का होना हमारी शिक्षा व्यवस्था की बड़ी नाकामी को ही उजागर कर रहा है। यह स्थिति किसी एक आंकड़े की नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की गहरी त्रासदी की तस्वीर है।

कल्पना कीजिए-एक शिक्षक जो प्रशासनिक काम भी करता है, मिड-डे मील की निगरानी भी करता है और साथ में सभी कक्षाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी भी निभाता है। क्या वह शिक्षक शिक्षक रह जाता है या व्यवस्था का बोझ उठाने वाला मजदूर बन जाता है? इन बच्चों की शिक्षा कैसी होगी, जिनके लिए ज्ञान का एकमात्र द्वार ही थकान, उपेक्षा और तंगहाली से भरा है? यह संकट केवल ग्रामीण भारत तक सीमित नहीं है। शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में भी सैकड़ों स्कूल



ऐसे हैं जहाँ विषय विशेषज्ञों की कमी, प्रयोगशालाओं की अनुपस्थिति और शिक्षण संसाधनों का अभाव है। नई शिक्षा नीति 2020 समग्र शिक्षा की बात करती है, लेकिन जब आधारभूत ढाँचा ही अपूर्ण हो तो नीतियाँ केवल दस्तावेज बनकर रह जाती हैं। हम 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना कर रहे हैं, पर क्या एकल शिक्षक स्कूलों की यह स्थिति उस दिशा में कोई सार्थक कदम का संकेत है?

यह विडंबना है कि भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, पर उसके बचपन की शिक्षा का यह हाल है। शिक्षा पर सरकारी व्यय जीडीपी का केवल 2.9 प्रतिशत है, जबकि विकसित देशों में यह 5 से 6 प्रतिशत तक है। जब शिक्षा ही निवेश नहीं बनेगी, तो विकास का आधार कहाँ से आएगा? समस्या केवल शिक्षक संख्या की नहीं, बल्कि शिक्षकों की भर्ती, प्रशिक्षण और संसाधनों की भी है। राज्यों में नियुक्ति प्रक्रियाएँ वर्षों तक लटकी रहती हैं, स्थानांतरण नीति अव्यवस्थित है, और जो शिक्षक हैं भी, उन्हें आधुनिक शिक्षा पद्धति, डिजिटल शिक्षण, नवाचार और नैतिक मूल्य आधारित शिक्षण के प्रशिक्षण से वंचित रखा गया है। यह स्थिति उस समय और अधिक विडंबनापूर्ण लगती है जब हम हर मंच पर ह्लनया भारतह्व, ह्लविकसित भारतह्व और ह्लविश्वगुरु भारतह्व के नारे लगाते हैं। शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में देखने की आवश्यकता है। रक्षा और स्वास्थ्य की तरह शिक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

शिक्षक भर्ती में पारदर्शिता और समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित हो, दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों का समुचित समायोजन किया जाए, तकनीक के माध्यम से डिजिटल शिक्षा का विस्तार हो और शिक्षकों को केवल वेतनभोगी कर्मचारी नहीं बल्कि राष्ट्रनिमार्ता के रूप में सम्मान मिले। महात्मा गांधी ने कहा था, ह्लयदि हमें भारत को पुनः महान बनाना है, तो शिक्षा को पुनः मानवीय बनाना होगा।ह्व आज शिक्षा केवल परीक्षा और नौकरी तक सीमित हो गई है, जबकि उसका उद्देश्य चरित्र निर्माण और विवेक जागरण होना चाहिए। यदि 34 लाख बच्चे एकल शिक्षक के भरोसे हैं, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक संवेदनहीनता का प्रमाण है। भारत तभी विकसित होगा जब हर बच्चा पढ़ेगा-सिर्फ स्कूल में नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में शिक्षित होगा। अन्यथा, एकल शिक्षक की यह पीड़ा आने वाले भारत की मौन त्रासदी बन जाएगी। शिक्षक दीपक की तरह होते हैं, वे स्वयं जलकर समाज को प्रकाश देते हैं। पर जब दीपक ही अकेला रह जाए, तो अंधकार स्वाभाविक है। अब समय है कि हम इस अंधकार को दूर करने का संकल्प लें, क्योंकि शिक्षा ही राष्ट्र का भविष्य है और शिक्षक उस भविष्य के निमार्ता हैं।

सोचने वाली बात है कि एक स्कूल की सारी कक्षाओं को एक शिक्षक कैसे पढ़ाता होगा? छात्र-छात्राएं कैसी और कितनी शिक्षा ग्रहण कर पाते होंगे? शिक्षा का मतलब छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्हें पढ़ाई के साथ पाठ्यसहगामी क्रियाओं का भी ज्ञान दिया जाना जरूरी होता है। लेकिन जब स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक ही नहीं होंगे तो किताबी पढ़ाई कैसी होगी, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। स्कूल में सिर्फ पढ़ाई ही महत्वपूर्ण नहीं होती। बच्चों का शारीरिक विकास पूरी तरह हो, उसके लिए खेलकूल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों एवं योग-व्यायाम जैसी कक्षाओं की सख्त जरूरत होती है। लेकिन जब शिक्षक ही पर्याप्त नहीं होंगे तो शिक्षा के साथ चलने वाली इन गतिविधियों की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती है। निस्संदेह, हम छात्रों के बीमार भविष्य की बुनियाद ही रख रहे हैं और ऐसी बीमार बुनियाद पर खड़ा राष्ट्र कैसे स्वस्थ, सक्षम एवं उन्नत होगा?

शिक्षा के प्रति यह उपेक्षा हमारे सत्ताधीशों की संवेदनहीनता का भी पर्याय है। शिक्षकों की नियुक्ति में जिस बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के मामले विभिन्न राज्यों में सामने आए हैं, उससे शिक्षा विभाग की प्रदूषित कार्य संस्कृति का बोध होता है। आखिर क्या वजह है कि देश में प्रशिक्षित शिक्षकों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। यह स्थिति हमारे तंत्र की विफलता को ही उजागर करती है। एक समस्या यह भी है कि शिक्षक जटिल भौगोलिक स्थितियों वाले स्कूलों में काम करने से कतराते हैं। यदि इन स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति हो भी जाती है तो वे दुर्गम से सुगम स्कूलों में अपना तबादला ज्वाइन करने के तुरंत बाद करवा लेते हैं। जिसमें राजनीतिक हस्तक्षेप से लेकर विभागीय लेन-देन की भी शिकायत होती रहती है। यही वजह है कि शहरों व आसपास के इलाकों में स्थित स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती जरूरत से ज्यादा भी देखी जाती है।

कैसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सड़कों पर बेरोजगारों की लाइन लगी हैं और स्कूलों में शिक्षकों के लाखों पद खाली हैं। बताया जाता है कि माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों में करीब साढ़े आठ लाख शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके बावजूद कि हमारे यहां प्रशिक्षित शिक्षकों की कोई कमी नहीं है। कहने को तो हमारे गाल बजाते नेता भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं का देश कहते इतराते हैं, लेकिन इन नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि कुंठित होती युवा पीढ़ी के लिये उन्होंने क्या खास किया है? नौकरियों की भर्ती निकलती नहीं है। तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में ऐसी त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों का होना देश के नीति-निमार्ताओं एव नायकों के लिये शर्म का विषय होना चाहिए।

# मैं खुद से ही अनजान हूं

**मनीषा शर्मा**



शहर के बीचों-बीच एक और शहर। शहर अपने साथ शहर का ही एक अलिखित काला अध्याय समेटे हुए है। यहाँ बहुत से ऐसे लोग हैं जो नहीं होने चाहिए, बहुत सी ऐसी बातें हैं जिनके बारे में नहीं सोचा जाना चाहिए। एक ऐसा मानव-जीवन जो जीवन जैसा नहीं है। जहाँ जवानी की कोई कीमत नहीं। ज़िंदगी और जवानी की कीमत चावल के कुछ निवाले या दो रोटियों से मापी जाती है। एक वक्त की रोटी से दूसरे वक्त की रोटी तक बड़ी फासला है। अश्लील भाषा, गाली-गलौज, सबकुछ जायज है यहां। शराब और गांजा यहाँ छिपकर पीने की जरूरत नहीं हैं। धोखाधड़ी यहां की प्राकृतिक धंधा है। यहां मानवरूपी एक टोली वास करता है जो दिखने में मटमैला रंग का है। इस शहर के बीच से गुजरती है एक लंबी रेलवे लाइन जिसके दोनों ओर छोटे-छोटे घर बसे हुए है । बांस की टूटी हुई बाड़ ,पॉलीथीन, बोरों से बंधे छोटे-छोटे घरों में रहते हैं बड़े-बड़े परिवार । रात होते ही एक ही घर के अंदर घुस जाते हैं दूबले पतले तीन-चार बच्चे। गरीबी से जूझती हुई एक पत्नी जिसकी त्वचा ,हड्डियों से चिपक चूकी है और है एक आदमी जिसके गाल सूखे हैं और आँखें जरूरत से ज्यादा बड़ी हैं। सुबह-सुबह जब ऊँची इमारतों की दरारों से सूरज की रोशनी रेल की सीढ़ियों पर पड़ती है, तो बच्चे घरों से ऐसे निकल आते हैं जैसे चीटियां सुरंग से बाहर निकल आती हैं। हर कंधे पर एक बड़ा सा बोरा खास अंदाज में लटका होता है। वे शहर की गलियों में प्लास्टिक की बोतलें, डिब्बे और दूसरी चीजें ढूँढ़ते फिरते हैं। वे उजाले से अँधेरे तक ज़िंदा रहने की जद्दोजहद करते हैं।

वे गरीबी, स्वास्थ्य समस्याओं, सामाजिक अलगाव, असुरक्षा और चिंता सहित कई समस्याओं का सामना करते हैं, जो उनके जीवन को बेहद कठिन बना देती हैं। इन समस्याओं का स्त्रोत खोजते ही उनकी कमियां उजागर हो जाता है। वे गरीबी के शिकार हैं। उन्हें भोजन, पानी, कपड़े और अन्य बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त सहायता की आवश्यकता होती है। दूसरी बात, उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ भी हैं। पर्याप्त स्वच्छता की कमी और खराब पोषण के कारण वे विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हैं। तीसरा, सामाजिक अलगाव । समाज में उनके लिए कोई खास जगह नहीं है, इसलिए वे अकेलापन और निराशा महसूस करते हैं। चौथा, वे असुरक्षा से ग्रस्त हैं। उनके साथ सामाजिक दुर्व्यवहार किया जाता है और उनकी सुरक्षा भी न के बराबर है। वे तनाव, अभाव, सामाजिक बहिष्कार और असुरक्षा के कारण मानसिक रूप से बेहद कमजोर हैं। उनके पास शिक्षा का अभाव है। उनमें से अधिकांश शिक्षा से वंचित हैं, जिससे उनके पास अपना जीवन सुधारने का कोई अवसर नहीं बचता।

इसलिए सरकार को चाहिए कि वे शहर की सड़कों में ऐसे घुमतें-फिरते बच्चों के लिए मदद का हाथ बढ़ाएँ।

उनके प्रति समाज में हमदर्दी और आत्मीयता बढ़ाई जाएँ। सरकारी योजनाएँ उन्हें ठीक से उपलब्ध कराया जाएँ और उनकी समस्याओं का समाधान करके उन्हे उबारा जाएँ ।

# डा सुधा नन्द झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत मिथिला दैनिक राशिफल

**डा सुधा नन्द झा**






**मेष :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष** : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। शुभांक-3-7-9

**कर्क** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ङ्कषचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** : पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर** : 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

**कुम्भ** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-5-9

**डा सुधा नन्द झा ज्योतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# कुलामारा में पुल निर्माण ठप, ग्रामीणों में आक्रोश सड़क कार्य रोका

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के माटीगोड़ा पंचायत के कुलामारा गांव में पुल निर्माण कार्य वर्षों से अधर में लटका हुआ है, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। मंगलवार को ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो ग्रामीण कुछ कड़ा कदम उठाने को मुजबूर होंगे।

ग्रामीणों ने दीगड़ी मोड़ से बांकाई तक बन रहे 10 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य को भी रोक दिया है। उनका कहना है कि जब तक पुल निर्माण शुरू नहीं होगा, तब तक सड़क का काम भी नहीं होने देंगे।

**ब्रिटिश काल का जर्जर पुल हर वर्ष बह जाता है**

ग्रामीणों ने बताया कि कुलामारा का यह पुल ब्रिटिश काल में बना था और हर वर्ष बारिश के दौरान डूब जाता है या बह जाता है। मजबूरी में ग्रामीण श्रमदान कर लकड़ी का अस्थायी पुल बनाते हैं ताकि मजदूर, मरीज और स्कूली बच्चों का आवागमन किसी तरह संभव हो सके। बारिश के दिनों में यह रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है और करीब दस गांवों का संपर्क टूट जाता है।

**ग्रामीणों ने उठाई आवाज**

स्थानीय निवासी व पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजीत भूमिज ने कहा कि पहले सांसद विद्युत वरण महतो और पूर्व मंत्री स्व. रामदास सोरेन द्वारा इस सड़क का शिलान्यास किया गया था। इसमें पुल निर्माण भी शामिल था, लेकिन





अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

उन्होंने कहा कुलामारा पुल का डिजाइन पहले छोटा था, जो हर साल जलमग्न हो जाता था। बड़े पुल का प्रस्ताव रांची भेजा गया, लेकिन वर्षों बाद भी स्वीकृति नहीं मिली। ठेकेदार का कहना है कि प्रस्ताव रीवाइज के लिए रांची गया है। जब तक रीवाइज पास नहीं होगा, निर्माण शुरू नहीं किया जा सकता।

ग्रामीण बागुन पूर्ति, विजय सिंह, मंगल पूर्ति, दुर्गा मुर्मू, दिकू पूर्ति, संदिर सिंह, पुरनो कर्मकार, साजित सिंह सहित कई अन्य ने कहा कि यह पुल दस गांवों को जोड़ने वाला एकमात्र संपर्क मार्ग है। हल्की बारिश में भी पुल जलमग्न हो जाता है, जबकि तेज बारिश में बह जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष में तीन बार लकड़ी का अस्थायी पुल बनाना पड़ता है। फिलहाल सड़क निर्माण कार्य कर रही साई कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार ने अस्थायी तौर पर बोल्डर डालकर एक रास्ता बनाया है। जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन आ-जा रहे हैं।

**जब तक स्थायी पुल नहीं, तब तक सड़क नहीं**

ग्रामीणों ने कहा कि वे अब सिर्फ आश्वासन नहीं काम चाहते हैं। जब तक पक्के पुल का निर्माण नहीं होगा, तब तक सड़क का काम आगे नहीं बढ़ने देंगे।

उन्होंने बताया कि कुछ माह पूर्व खड़िया बस्ती में जमशेदपुर के उपायुक्त से भी पुल निर्माण की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इस मामले में आरईओ के सहायक कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि कुलामारा पुल का प्रस्ताव पुनरीक्षित प्राक्कलन (रीवाइज्ड एस्टीमेट) के रूप में मुख्य अभियंता कार्यालय में भेजा गया है। हाल ही में चीफ इंजीनियर की टीम ने स्थल निरीक्षण भी किया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी

ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब दे चुका है। वर्षों से जर्जर पुल के कारण दस गांवों की जीवनरेखा बारिश में ठप हो जाती है। प्रशासन की आश्वासन-प्रधान नीति पर अब सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया है अब वादे नहीं काम चाहिए।

## गम्हरिया में अब अतिक्रमण किया तो लगेगा जुमार्ना

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**गम्हरिया।** बीते माह गम्हरिया बाजार और सर्विस रोड में दुगार्पूजा के दौरान अतिक्रमण हटाए जाने के बाद बुधवार को आदित्यपुर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा स्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया गया। राजस्व निरीक्षक अरुण कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान पुनः कई ठेले वालों तथा स्थायी दुकानदारों द्वारा अस्थायी शेड निर्माण कर उक्त स्थल को अतिक्रमित किए जाने की बात सामने आई। तत्पश्चात, अतिक्रमित किए गए दुकानदारों को अतिक्रमण अविलंब हटा लिए जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, पुनः अतिक्रमण करते पाए जाने पर 5-5 हजार रुपए जुमार्ना लगाने की चेतावनी दी गई। इस दौरान राजस्व निरीक्षक ने बताया कि यह अभियान लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों से भी बाजार और सर्विस रोड को अतिक्रमणमुक्त रखने की अपील किया ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इस दौरान मौजूद खाद्य निरीक्षक द्वारा कई होटलों में जांच कर संचालकों को साफ सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता पर सुधार करने का निर्देश भी दिया गया। इस दौरान नगर निगम के अनुराग रंजन, अमन कुमार, अभिषेक कुमार, सहायक शिवनाथ कुमार समेत आदित्यपुर थाना के जवान उपस्थित थे।

## कांड्रा बाजार में श्री श्री सार्वजनिक काली पूजा की भव्य तैयारी, भूमिपूजन संपन्न

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** श्री श्री सार्वजनिक काली पूजा कमेटी, न्यू यूथ क्लब कांड्रा बाजार द्वारा बुधवार को काली पूजा पंडाल निर्माण के लिए भूमिपूजन कराया गया। इस मौके पर उपस्थित पंडित श्यामापद बनर्जी द्वारा विधिवत पूजा पाठ कर भूमिपूजन संपन्न कराया गया। भूमिपूजन के पश्चात, कमेटी के सदस्यों ने ध्वजारोहण कर इसकी नींव डाली। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष काली पूजा को लेकर भव्य तैयारी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि



आगामी 20 अक्टूबर की रात 11 बजे से पूजा आरंभ होगी। तत्पश्चात, आगामी 21 अक्टूबर को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

इस मौके पर आगामी 22 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम, 23 अक्टूबर को भव्य जागरण का आयोजन कर आगामी 24 अक्टूबर को प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष बप्पा पात्रो समेत सभी सदस्य और काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## अवैध बालू परिवहन पर जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल** जिले में अवैध बालू खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त श्री नितिश कुमार सिंह के निर्देश पर आज जिला खनन विभाग की टीम ने चांडिल थाना पुलिस के सहयोग से टाटाझ्रांची मुख्य मार्ग पर औचक जांच अभियान चलाया।

निरीक्षण के दौरान एक हाइवा वाहन (संख्या झ्र खल्01इळ्झ्8654) को अवैध रूप से बालू ढोते हुए पकड़ा गया। वाहन को जप्त कर चांडिल थाना में सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में वाहन मालिक एवं चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



उपायुक्त श्री सिंह ने कहा कि जिले में अवैध खनन और परिवहन के मामलों में प्रशासन की ॠजीरो टॉलरेंस नीतिॠ जारी रहेगी। उन्होंने खनन विभाग और सभी थानों को नियमित रूप से संयुक्त अभियान चलाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जिला खनन पदाधिकारी श्री ज्योति शंकर सतपथी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल अवैध खनन पर नियंत्रण पाना है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को भी सुनिश्चित करना है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अवैध खनन या परिवहन से जुड़ी कोई भी सूचना तुरंत जिला प्रशासन या निकटतम थाने को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

गौरतलब है कि नीमडीह प्रखंड से जिला खनन विभाग की दूरी 60 से 79 किलोमीटर पड़ती है जिसका फायदा अवैध बालू माफिया उठा रहे है.पुलिस प्रशासन से खनन विभाग को सक्रिय सहयोग नहीं मिलता , खनन विभाग के पदाधिकारी के पहुंचने की खबर पहले ही लग जाती है .

नीमडीह प्रखंड अंतर्गत शंखा नदी बालू घाट तिलाईटांड़, मुरु,झिमड़ी,हेवेन,आदि गांवों के पास अवैध बालू खनन,एवं परिवहन ट्रैक्टर, हाइवा से देर रात्रि 11 बजे से सुबह 6 बजे तक धड़ल्ले से किया जा रहा है, . विगत सप्ताह अंचल अधिकारी अभय द्विवेदी को देखते ही अवैध बालू खनन करते ट्रैक्टर भाग खड़े हुए, उन्होंने कहा अवैध बालू परिवहन करते पाएं जाने पर सख्ती से करवाई होंगी,।

## उड़ीसा के करंजिया से जमशेदपुर ला रहे रसुनचोपा चेक पोस्ट पर 10 लाख 40 हजार बरामद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका।** घाटशिला उपचुनाव को लेकर कवाली थाना क्षेत्र के हाता उड़ीसा सीमा मुख्य मार्ग पर रसुनचोपा के समीप चेक नाका लगाया गया है। बुधवार को दोपहर के समय जांच के दौरान उड़ीसा के करंजिया से जमशेदपुर ला रहे के सुमन कुमार से 10 लाख 40 हजार रुपए बरामद किया गया। जमशेदपुर के ग्रामीण एस पी ऋषभ गर्ग भी जांच के मौके पर मौजूद थे। 72 घंटा के अंदर रुपए बरामदी के यह दूसरी घटना है। विगत 13 अक्टूबर को भी इसी चेक पोस्ट पर 12 लाख रुपया बरामद किया गया था। आज करंजिया निवासी के सुमन कुमार



अपने कार से जमशेदपुर आ रहे थे। कार के डिक्की में 10 लाख 40 हजार रुपए रखा हुआ था। जो जांच के दौरान पाया गया। मजिस्ट्रेट अतुल कुमार ने बरामद रुपए को जप्त कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए डब्बा में शील किया। ग्रामीण एस पी वहां उपस्थित कर्मचारी तथा जवानों को आवश्यक निर्देश दिए।

## घाटशिला उपचुनाव की तैयारियों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**घाटशिलाः** आगामी घाटशिला विधानसभा उपचुनाव-2025 के सुचारू, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कर्ण सत्यार्थी ने मंगलवार को विभिन्न निर्वाचन कोषांगों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचन कोषांग, व्यय कोषांग, पोस्टल बैलेट हेतु चिन्हित स्ट्रांग रूम, सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग और परिवहन कोषांग का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी कोषांग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप पूर्ण तत्परता और पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने मतदान केंद्रों की तैयारी, कार्मिकों की तैनाती, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और लॉजिस्टिक व्यवस्था में आपसी समन्वय बनाए रखने पर बल दिया।



व्यय कोषांग से उन्होंने प्रत्याशियों के चुनावी व्यय की सतत निगरानी सुनिश्चित करने और किसी भी संदिग्ध लेन-देन पर तत्काल रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

पोस्टल बैलेट हेतु स्ट्रांग रूम जिला उद्योग केंद्र में स्थापित किया गया है। श्री सत्यार्थी ने वहां की सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी की भी समीक्षा की। सामग्री कोषांग के प्रभारी से उन्होंने चुनाव सामग्रियों के सुरक्षित भंडारण और वितरण की तैयारी की जानकारी ली ताकि मतदान दलों को सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जा सके।

वहीं, ईवीएम कोषांग को मशीनों के रख-रखाव और परिवहन कोषांग को मतदान कर्मियों और सामग्रियों के सुरक्षित एवं समयबद्ध परिवहन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब न बरतने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ॠनिर्वाचन कार्य निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे पूर्ण निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।ॠ

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री नागेंद्र पासवान, विभिन्न कोषांगों के प्रभारी एवं सहायक प्रभारी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कारा सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए अहम निर्देश

राष्ट्र संवाद सं

**जामताड़ाः** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जेल की सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों की मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरा, ड्रैगन लाइट, जैमर, टेलीफोन बूथ, सायरन, वॉकी-टॉकी आदि उपकरणों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने जेल परिसर की साफ-सफाई और नियमित कचरा उठाव पर जोर देते हुए नगर पंचायत को आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया। बंदियों से मुलाकात के दौरान सुरक्षा जांच को सख्ती से लागू करने तथा बाहरी सामग्रियों की पूरी तरह जांच के बाद ही जेल में प्रवेश की अनुमति देने को कहा। साथ ही, जेल की बाउंड्री से सटे क्षेत्रों की निगरानी और समय-समय पर औचक छापेमारी के निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक राज कुमार मेहता, उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, और प्रभारी अधीक्षक विजय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला समन्वय समिति की बैठक में राजस्व संग्रहण और जनगणना तैयारियों पर दिए निर्देश

राष्ट्र संवाद सं

**जामताड़ाः** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने राजस्व संग्रहण में तेजी लाने, अवैध शराब बिक्री पर निगरानी रखने और राजस्व हानि रोकने के निर्देश दिए।

उन्होंने भारत की जनगणना 2027 से संबंधित ग्राम सूची सत्यापन और क्षेत्राधिकार परिवर्तन का अद्यतन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने का आदेश दिया। जन्म-मृत्यु निबंधन में देरी नहीं करने तथा सभी निबंधनों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु विद्यालय स्तर से वेरिफाइड सूची शीघ्र भेजने को कहा ताकि छात्रों को लाभ मिल सके।

उपायुक्त ने धोती-साड़ी-लूंगी वितरण कार्य को पर्व पूर्व पूर्ण करने, सड़क किनारे सूखे पेड़ों को हटाने तथा आवासीय बालिका विद्यालयों में सुरक्षा और स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, योग प्रशिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता पाए जाने पर उसे रद्द करते हुए पुनः नियुक्ति का आदेश दिया।

## सार-संक्षेप

### महिला कांग्रेस की ओर से गम्हरिया में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' नारों के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** महिला कांग्रेस की ओर से गम्हरिया में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' नारों के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान का शुभारंभ छोटा गम्हरिया के अंबेडकर नगर में अवस्थित कांग्रेस नेता स्व0 कपिल रजक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष संगीता प्रधान ने किया। इस दौरान गम्हरिया के कई इलाकों में यह अभियान चलाया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर किए। इस अभियान में मुख्य रूप से पूरबी देवी, बबीता देवी, रिंकू देवी, उर्मिला देवी, तारा देवी, रिंपा, पार्वती मांझी, माया देवी समेत कई महिला कार्यकर्ता शामिल थी।

### साहू समाज ने अंचलाधिकारी सह बीडीओ प्रवीण कुमार से भेंट कर उन्हें स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** साहु समाज, गम्हरिया के सदस्यों द्वारा बुधवार को अंचलाधिकारी सह बीडीओ प्रवीण कुमार भेंट कर उन्हें स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया गया। इस दौरान उन्हें प्रखंड व अंचल क्षेत्र की सड़क, नाला, जमीन म्यूटेशन समेत अन्य समस्याओं से अवगत कराते हुए यथाशीघ्र इसके समाधान की मांग की गई। इससे पूर्व साहू समाज के सदस्यों द्वारा उन्हें अंगवस्त्र प्रदान कर व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत कर बधाई दी गई। इस मौके पर साहू समाज के जिला अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद साहु, सचिव सुरेंद्र प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण साहु, युवा उपाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष रूपलाल साहू, आकाश कुमार, कृष्ण कुमार, दिनेश साहु, मुन्ना कुमार, ज्ञानदेव साहु, गजेंद्र साहु, सुरेश कुमार समेत समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### तीलाईतांड़ गांव मनसा मंदिर में धूमधाम से मनसा पूजा 18 अक्टूबर को ग्रामीणों के द्वारा की जाएगी

राष्ट्र संवाद संवाददाता



जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के तीलाईतांड़ गांव मनसा मंदिर में धूमधाम से मनसा पूजा 18 अक्टूबर को ग्रामीणों के द्वारा की जाएगी।

इस गांव के ग्रामीणों के द्वारा 1977 से लगातार मनसा पूजा धूमधाम से गा गांव में आयोजित की जाती है जिसमें समस्त ग्रामवासी भाग लेते हैं।

मां मनसा मंदिर आस्था का केंद्र है ग्रामीणों के हर मनोकामना को मां सच्चे मन से पूजा अर्चना करने से पूर्ण करती हे।

इस वर्ष पूजा को लेकर ग्रामीणों के द्वारा तैयारी जोर-जोर से की जा रही है।

17 अक्टूबर को कलश यात्रा ग्रामीणों के द्वारा की निकाली जाएगी जो काफी धूमधाम से गाजा बाजा के साथ निकाली जाएगी।

18 अक्टूबर को मां मनसा मंदिर में पूजा का आयोजन किया जाएगा जिसमें गांव के प्रत्येक घर से लोग पूजा अर्चना पर मां से सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना कर आशीर्वाद लेते हे ।

मां मनसा मंदिर की स्थापना के बाद ही गांव में काफी विकास हुआ है लोग काफी खुशहाल और सुख समृद्धि के साथ हैं कई युवाओं को रोजगार भी मिला है एवं मां के आशीर्वाद से लोग खुशी-खुशी गांव में रहते हैं यह गांव काफी प्राचीन गांव है और मां रंकिनी मंदिर से बिल्कुल सटा हुआ गांव है।।

मनसा पूजा के शुभ अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है जिसमें गांव के बच्चे भी भाग लेते हैं एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ग्रामीणों के द्वारा पुरस्कृत भी की जाती है एवं भक्तों के बीच महा भोग प्रसाद का वितरण भी पूजा कमेटी के द्वारा की जाती है।।

पूजा के अवसर पर मंदिर का रंग रोवन किया गया है एवं हर वर्ष मां मनसा की मूर्ति स्थापित की जाती है।

पूजा को लेकर पूरे गांव में है उत्सव का माहौल है।

### सरायकेलाः नवोदय चौक पर हथियारबंद अपराधियों ने 60 हजार की लूट की, गोली चलाने के बावजूद कोई हताहत नहीं



राष्ट्र संवाद संवाददाता

सरायकेला जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में बुधवार दिनदहाड़े छोटा सिजुलता स्थित नवोदय चौक के पास CSC केंद्र संचालक अनूप महाकुड़ से तीन बाइक सवार अपराधियों ने हथियार के बल पर 60 हजार रुपये की लूट की। लोगों के पीछा करने पर अपराधी गिर पड़े और भीड़ की ओर तीन राउंड गोली चलाई, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। इलाके में लगातार चोरी की वारदातें होने के कारण लोगों में आक्रोश है।

### युवा नेता चंदन यादव ने ऊ लॉज सैलून घटना की निंदा की, कड़ी कार्रवाई की मांग

राष्ट्र संवाद संवाददाता

युवा नेता चंदन यादव ने हाल ही में हुई DC लॉज सैलून में घटना पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि माता-पिता अपने बच्चों को संस्कार नहीं दे सकते हैं तो उन्हें शिक्षा भी देने का अधिकार नहीं है। चंदन यादव ने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया और इसकी घोर निंदा की।

## व्यापारी पर हमले के आरोप में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**हरिद्वार, एजेंसी।** खन्नानगर निवासी आशीष कुमार और उनके नाबालिग से पुत्र पर जानलेवा हमला करने के आरोप में ज्वालापुर पुलिस हरकत में आई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा ने बताया कि खन्ना नगर निवासी आशीष कुमार ने शिकायत कर बताया कि बीते सोमवार वह अपने बेटे के साथ गली नंबर 7 स्थित राशन की दुकान से सामान खरीदकर गाड़ी के पास पहुंचे थे। आरोप है कि तभी दो युवक मोटरसाइकिल से आए और सीधे उन पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने आशीष कुमार की आंख पर हमला किया और बायीं पसली पर भी चोट पहुंची और लोहे की रोड से हमला किया गया, जिससे उसे चोटें आईं। आरोप लगाया कि सुमित सचदेवा के साथ उनके पुराने व्यापारिक संबंधों के चलते पहले से रंजिश है। आरोप लगाया कि 26 जुलाई को भी सुमित सचदेवा ने उन पर जानलेवा हमला किया था, जिसकी शिकायत पुलिस में दर्ज की गई थी। आरोप लगाया कि सुमित सचदेवा और उसके साथियों ने उनके परिवार की जान-माल के लिए खतरा है। इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा ने बतााय कि आरोपी सुमित सचदेवा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सभासद ने लगाए आम रास्ते में अवैध निर्माण के आरोप नगरपालिका अध्यक्ष और कोतवाली प्रभारी को दिए शिकायती पत्र

**मौदहा हमीरपुर, एजेंसी।** कस्बे के एक मोहल्ले में आम रास्ते में वहीं के युवक द्वारा नाजायज तौर पर गेट बनाकर चबूतरा निर्माण किया गया है। ऐसे आरोप लगाते हुए वार्ड सभासद के नेतृत्व में लगभग दर्जनों लोगों ने पालिका अध्यक्ष समेत कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर अवैध निर्माण हटाने की मांग की है। कस्बे के वार्ड नं 9 निजामीपुरा के सभासद मु रमजानी के नेतृत्व में लोगों ने पालिका अध्यक्ष समेत कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि हमीद हास्पिटल के पीछे 9 फीट चौड़ी रास्ता है। रास्ते में मोहल्ले के रहने वाले सेक्रेटरी ने जबरन गेट लगवाकर चबूतरा निर्माण करा लिया है जिससे अब रास्ता अवरूद्ध हो रहा है। मोहल्ले वालों का आरोप है कि सेक्रेटरी उसका विरोध करने वालों को अंजाम भुगतने की धमकी भी दे रहा है। दबंग की धमकी से परेशान लोगों ने पालिका अध्यक्ष समेत कोतवाली प्रभारी से अवैध निर्माण हटाने की मांग की है। इस संबंध में पालिका अध्यक्ष श्रीनाथ से बार बार संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क स्थापित नहीं हो सका। वहीं कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, मौके की स्थिति देखी जा रही है उसके बाद आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## आदिवासी छात्रा को एक दिन के लिए बनाया गया तहसीलदार

**चित्रकूट,एजेंसी।** महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए शुरु किए गए मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत मंगलवार को कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय मानिकपुर की कक्षा सात छात्रा कामिनी को एक दिन के लिए तहसीलदार बनाया। मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मानिकपुर की कक्षा सात की छात्रा कामिनी पुत्री संजय निवासी कल्याणपुर मजरा बंधवा कोलान को एक दिन के लिए तहसीलदार का कार्यभार सौंपा गया। सुबह 10 बजे जैसे ही छात्रा अपनी कक्षाध्यापक प्रियंका तिवारी एवं विद्यालय की वार्डेन अनुराधा मिश्रा के साथ कार्यालय पहुंची, तो तहसीलदार दयाशंकर वर्मा सहित अन्य कर्मचारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए छात्रा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया तथा तहसीलदार की कुर्सी में बैठाया। इसके बाद एक दिन के लिए तहसीलदार बनी छात्रा ने आने वाले फरिवादियो की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। एक दिन के लिए तहसीलदार बनी छात्रा कामिनी ग्रामीण व आदिवासी समाज की बेटी है। एक दिन तहसीलदार बनाने पर कामिनी ने फरियादियों की समस्याओं को शालीनता के साथ सुनकर संबंधित लेखपालों व कानूनगो को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान लोगों ने छात्रा के हुनर को देखकर सराहना की।

## सामाजिक परिवर्तन बहुजन जनसभा का आयोजन

**चित्रकूट, एजेंसी।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कबरा पुरवा सरैया में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी द्वारा सामाजिक परिवर्तन बहुजन जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भीम आर्मी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव कमल सिंह वालिया ने कहा कि भीम आर्मी देश का वह एक संगठन है, जो हर समय समाज के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करता है। उन्होंने कहा कि आज के ही दिन बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को अपने लाखों अनुयायियों के साथ धम्म दीक्षा ग्रहण की थी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी अजय आजाद वर्मा, भीम आर्मी जिला संयोजक संजय गौतम, आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, भीम आर्मी जिला महासचिव एडवोकेट श्रीपाल प्रजापति, जिला सह संयोजक भीम आर्मी राकेश सिंह पठारी और लक्ष्मण पटेल, जिला प्रवक्ता भीम आर्मी विनोद वर्मा और बाबूलाल यादव आदि मौजूद रहे।

## खेतों का पानी निकलवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन


**मौदहा हमीरपुर, एजेंसी।** ग्राम प्रधान द्वारा बंधी डलवाने के बाद पानी की निकासी नहीं होने के कारण लगभग डेढ सौ बीघा खेतिहर जमीन पानी से डूबी हुई है जिसका पानी निकलवाने की मांग को लेकर किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। कोतवाली क्षेत्र के मंकरांव निवासी लगभग दो दर्जन किसानों ने उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि ग्राम प्रधान मंकरांव द्वारा मंकरांव पाटनपुर मौजा में एक बंधी डलवाई गई थी लेकिन बंधी डलवाने के साथ पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की गई जिससे मंकरांव मौजा के लगभग एक दर्जन से अधिक किसानों की खेती बुआई के समय पानी में डूबी हुई है। ग्रामीणों ने उक्त जमीन का पानी अछरेला बहरेला की ओर निकालने की मांग की है। इस दौरान सिद्ध गोपाल, राजेश, नीलकंठ, लल्लू,कैलाश, राम औतार सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद के चलते मां बेटे को पीटा

**मौदहा हमीरपुर एजेंसी।** जमीन बटवारे के बाद रंजिश मानते हुए पारिवारिक लोगों ने घर में घुसकर मां बेटे को बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया पीडिता ने थाने में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बिंवार थाना क्षेत्र के चमरखन्ना निवासी रामदेवी पत्नी महिपत ने थाने में दिए शिकायती पत्र देकर बताया कि बुधवार की सुबह उसने अपने बेटे रवि से कहा कि,बलराम सिंह बाबा से कह दो कि श्रीपत, महेश अपने खेतों की बुआई करा लें,जिसपर बलराम बाबा ने दोनों से कहा तो उक्त दोनों अपने हाथों में कुल्हाड़ी और डण्डा लेकर घर में आ गये और घर में घुसकर मारपीट करते हुए घसीट कर बाहर ले आए और बेरहमी से लाठी डण्डा और कुल्हाड़ी से हम मां बेटों को मारकर लहूलुहान कर दिया। पीडिता के पुत्र रवि ने बताया कि इसके पहले भी उक्त लोग मारपीट कर चुके हैं लेकिन पुलिस ने समझौता करा दिया था। पीडिता रामदेवी ने बताया कि जब से उनकी जमीन का बटवारा हुआ है तो उक्त लोग ईर्ष्या रखते हैं और अक्सर गाली गलौज करते हैं

# हिमाचल प्रदेश में पूरे हफ्ते रहेगा शुष्क मौसम, केलंग सबसे ठंडा

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में फिलहाल मौसम पूरी तरह शुष्क बना हुआ है और अगले एक सप्ताह तक प्रदेशभर में बारिश या बर्फबारी की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार 15 से 21 अक्तूबर तक प्रदेश में लगातार सूखा मौसम रहेगा। दिवाली पर्व पर भी आसमान साफ रहेगा और मौसम सुहावना बने रहने की संभावना है। इससे लोगों में उल्लास का माहौल रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि दर्ज की गई है। केलांग में न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे ठंडा स्थल रहा। ऊना में पिछले कल अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री अधिक रहा, जिससे मैदानी क्षेत्रों में दिन के समय गर्मी का हल्का अहसास बना हुआ है।



जनजातीय क्षेत्रों में ठंड का असर लगातार जारी है और कई ऊंचाई वाले इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य के करीब पहुंच गया है। प्रदेश के पर्वतीय पर्यटन स्थलों जैसे शिमला, मनाली, डलहौजी और धर्मशाला में सुबह-शाम की ठंड और दिन में हल्की धूप के कारण मौसम बेहद सुहावना बना हुआ है। यह मौसम न केवल स्थानीय निवासियों बल्कि सैलानियों के लिए भी आनंददायक है। बीते 24 घंटों में सराहन में मात्र 1.5 मि.मी. बारिश दर्ज की गई जबकि बाकी प्रदेश में बारिश या हिमपात नहीं हुआ। सुंदरनगर में आज सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता 100 मीटर तक सीमित रही। मौसम विभाग ने बताया कि कहीं भी तेज हवाओं और गरज-चमक की कोई संभावना नहीं है। बुधवार को राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.6 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। शिमला में न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री, सुंदरनगर में 15.5 डिग्री, भुंतर में 11.6 डिग्री, कल्पा में 5.5 डिग्री, धर्मशाला में 11.4 डिग्री, ऊना में 13.8 डिग्री, मनाली में 7.9 डिग्री, कुकुमसेरी में 1.7 डिग्री, कुफ़री में 11.3 डिग्री और नारकण्डा में 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा का कहना है कि आगामी सप्ताह में भी प्रदेश परिस्थितियां बनी रहेंगी

## ओवरलोडिंग के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

**सरीला हमीरपुर , एजेंसी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बेंदा डांडा के ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों के साथ तहसील पहुँच कर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार सरीला को सौंपा, जिसमें खदानों की ओर से आने वाले ओवरलोड ट्रकों को रोक लगाए जाने की मांग की है। क्षेत्र बेंदा डांडा गाँव के हरीसिंह, वनमाली, सत्यम, अशोक, चतुर सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्पा देवी, सहायिका सरोज देवी सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने बच्चों को साथ लेकर सरीला तहसील पहुँच जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा जिसमें मांग की गई है कि, गाँव मे स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास विद्युत हाईटेंशन लाइन निकली है।

## भीषण आगलगी में तीन प्लास्टिक गोदाम जलकर राख

**मालदा, एजेंसी।** कालियाचक की जलालपुर पंचायत के डांगा इलाके में तीन प्लास्टिक के गोदाम भीषण आग में जलकर खाक हो गया है। आग मंगलवार देर रात लगी थी, लेकिन बुधवार सुबह तक आग की लपट उठती रही। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल था। मिली जानकारी के अनुसार, आग लगने के बाद इलाके के निवासियों ने आग बुझाने की कोशिश किया। कालियाचक थाने की पुलिस को सूचना दी गई। चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। कई घंटों की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका



था। इस बीच, आग के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग- 12 पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया था। नतीजतन, भीषण जाम लग गया था। प्लास्टिक व्यापारी इलियास अली ने कहा कि आग लगने की खबर मिलते ही वह मौके पर पहुंच गया। वहीं, आग लगने के लगभग दो घंटे बाद दमकल की गाड़ी पहुंची। आग इतनी भयावह था कि गोदाम में रखा कोई भी सामान नहीं निकाला जा सका। सब कुछ जलकर राख हो गया। अगर कालियाचक में एक दमकल केंद्र होता तो इतना नुकसान नहीं होता। वहीं, सैफुल आलम नाम के एक स्थानीय निवासी ने कहा कि आग कैसे लगी यह साफ़ नहीं है। दमकल विभाग को मौके पर पहुंचने में लगभग दो घंटे की देरी हुई, जिससे सब कुछ जलकर राख हो गया। अगर कालियाचक में दमकल केंद्र होता तो आग से इतना नुकसान नहीं होता।

## ट्रक में पीछे से घुसा कंटेनर, चालक की मौत

**कानपुर,एजेंसी।** कानपुर चकेरी क्षेत्र के अहिरवां फ्लाईओवर पर सोमवार को एक कंटेनर आगे चल रहे ट्रक में जा टकराया, जिससे कंटेनर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। हादसा ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने के कारण हुआ। अहिरवां चौकी प्रभारी पवन शर्मा ने बताया कि सोमवार को एक कंटेनर प्रयागराज से रामादेवी की ओर जा रहा था। फ्लाईओवर पर अचानक आगे चल रहे ट्रक ने ब्रेक लगा दी, जिससे पीछे से आ रहा कंटेनर अनियंत्रित होकर ट्रक में जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और प्रयागराज के मेहंदीपुर निवासी चालक संजय राय (37) गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तुरंत संजय राय को कांशीराम अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद फ्लाईओवर की प्रयागराज से कानपुर आने वाली लेन पर जाम लग गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कंटेनर को हटवाया, जिसके बाद करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद यातायात सामान्य हो सका। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## बर्दवान मेडिकल कॉलेज से नवजात चोरी के मामले में महिला और उसकी मां गिरफ्तार, बच्चा सकुशल

**बर्दवान, एजेंसी।** बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल से नवजात शिशु चोरी के मामले में पुलिस ने एक महिला और उसकी मां को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं के नाम रिंकी खातून उर्फ रुमकी खातून और मनीरा बीबी हैं। दोनों को मंगलवार रात गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को बच्चे की मां सेलेफा खातून अपने नवजात बेटे को अस्पताल के आउटडोर चिल्ड्रेन वार्ड में डॉक्टर को दिखाने लाई थीं। मां और नानी बच्चे के साथ प्रसूति वार्ड की बरामदे में बैठी थीं। तभी एक महिला आई और बच्चे को दुलारने की बात कहकर गोद में लिया। अचानक वह महिला बच्चे को लेकर वहां से फरार हो गई।

घटना के बाद बच्चे की मां ने शोर मचाया और अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू की। मामला तब खुला जब स्थानीय मीडिया में बच्चे की चोरी की खबर प्रसारित हुई। इसके बाद रिंकी खातून के इलाके के लोगों को शक हुआ, क्योंकि उन्होंने उसे एक बच्चे के साथ देखा था। पड़ोसियों ने पूर्व बर्दवान जिले के उत्तरपाड़ा स्थित रिंकी के किराए के घर में जाकर पूछताछ की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रिंकी खातून ने पड़ोसियों को भ्रमित करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें संदेह हो गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर बर्दवान थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। दोनों महिलाओं को बच्चा चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जांच की जा रही है कि दोनों महिलाओं ने बच्चे को चुराने का उद्देश्य क्या था। बच्चे को फिर से बर्दवान मेडिकल कॉलेज के प्रसूति वार्ड में भर्ती कराया गया है।

## बूथ मैपिंग में तेजी, तीन जिलों का डेटा वेबसाइट पर

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बूथ मैपिंग प्रक्रिया में तेजी लाई है। झाड़ग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर और अलीपुरद्वार जिलों का डेटा पहले ही चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार सुबह दी। अधिकारी के अनुसार, पश्चिम मेदिनीपुर जिले में बूथ मैपिंग 62.94 प्रतिशत पूरी हो चुकी है, झाड़ग्राम में 51.36 प्रतिशत और अलीपुरद्वार में 53.73 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। इन तीन जिलों के अलावा कई अन्य जिलों में भी बूथ मैपिंग का काम तेजी से चल रहा है। पूरुलिया में अब तक 61.29 प्रतिशत, कलिम्पोंग में 64.27 प्रतिशत, मालदा में 54.49 प्रतिशत और कोलकाता उत्तर में 55.35 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। उत्तर 24 परगना में प्रक्रिया 45 प्रतिशत तक पहुंची है, जबकि दक्षिण 24 परगना में यह 50 से 55 प्रतिशत के बीच है। अधिकारी ने बताया कि ये आंकड़े 2002 के एसआईआर मानक के आधार पर तैयार किए जा रहे हैं। जिन जिलों का डेटा अपलोड किया जा चुका है, वहां के मतदाता अब अपने ईपीआईसी नंबर के जरिए ऑनलाइन अपने विवरण की जांच कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह मैपिंग कार्य दिवाली अवकाश से पहले तेज किया गया है, जो 18 अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं। सभी जिला मजिस्ट्रेट, जो जिले के निर्वाचन अधिकारी भी हैं, को प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए पहले 15 अक्टूबर की आंतरिक समयसीमा तय की गई थी। असम और जापान सरकार के सहयोग से जापानी भाषा का एक विशेष पाठ्यक्रम भी शुरू किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए नॉर्थ ईस्ट स्किल सेंटर से संपर्क कर सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा, आपके सपने अब हकीकत बनेंगे। सीएम बनाकर उन्हें वैश्विक रोजगार से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

## विधवा महिला की जमीन पर ससुर और जेठ का अवैध कब्जा, प्रशासन से लगाई गुहार

**बांदा एजेंसी।** जिला बांदा के ग्राम कोरम, तहसील बबेरू की निवासी श्रीमती जनकलली ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जे और उत्पीड़न की शिकायत दर्ज की है। जनकलली ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उन्हें उनकी जमीन पर खेती करने का अधिकार दिलाया जाए। जनकलली के अनुसार, उनके पति स्वर्गीय रामसेवक की वर्ष 2018 में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद, उनके पति की जमीन (गाटा संख्या 244, ग्राम कोरम, तहसील बबेरू) उनके नाम वरासत में दर्ज हो चुकी है। हालांकि, उनके ससुर वंशगोपाल और जेठ चंद्रशेखर ने वरासत प्रक्रिया के दौरान आपत्ति जताई थी और अब उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। वे जनकलली को जमीन पर खेती करने या उसका उपयोग करने से रोक रहे हैं। जनकलली ने बताया कि वह एक विधवा महिला हैं और उनकी आजीविका उनकी जमीन और आंगनबाड़ी कार्य पर निर्भर है। उन्होंने जिला अधिकारी, बांदा को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर जमीन से अवैध कब्जा हटवाने और आंगनबाड़ी कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पिकअप ट्रक में आग लगने से दो भाइयों की मौत

**मोरीगांव (असम), एजेंसी।** नई खरीदी गई गाड़ी में पहली यात्रा के दौरान बरपेटा जिले के दो भाइयों के लिए जानलेवा हादसे में बदल गई। बीती मध्य रात्रि को राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर जगीरोड के पास पिकअप ट्रक का भयानक एक्सीडेंट हुआ, जिसके बाद उसमें आग लग गई, जिससे दोनों भाइयों की जान चली गई।

जागीरोड पुलिस ने बुधवार को बताया कि शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, बोलेरो मैक्स पिकअप ट्रक (एएस-15एसी-9919) सब्जियों का कंसाइनमेंट लेकर बरपेटा रोड से सिलचर जा रहा था। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार से आ रहा वाहन सड़क के डिवाइडर से जोरदार तरीके से टकरा गया,



जिससे शक है कि उसमें कोई मैकेनिकल खराबी आ गई, जिससे कुछ ही पलों में ट्रक में आग लग गई। वाहन का ड्राइवर और खलासी दोनों गाड़ी के अंदर फंस गए और बचाव दल के पहुंचने से पहले ही ज़िंदा जल गए। मरने वालों की पहचान रोहिज अली और बच्चू अली के रूप में हुई है, जो दोनों बरपेटा ज़िले के नालीगांव गांव के रहने वाले भाई थे। जगीरोड से इमरजेंसी रेस्पॉन्डर और लोकल पुलिस मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक मलबे के अंदर से पीड़ितों के जले हुए शरीर बरामद किये गये।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस तरह के मामले ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर देखने को मिलते हैं, जहां विधवाओं को उनकी संपत्ति से वंचित करने की कोशिश की जाती है। जनकलली ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद जताई है ताकि उन्हें न्याय मिल सके। अधिकारियों ने आग लगने का सही कारण पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है और यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह हादसा टेक्निकल खराबी या ओवर-स्पीडिंग की वजह से हुआ।एक अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना तब हुई जब हेलीपैड से कटरा की ओर आ रहे एक ऑटो-रिक्शा और बस की आमने-सामने टक्कर हो गई.

## 20वां के.डी. शर्मा मेमोरियल वजीफा पुरस्कार समारोह सम्पन्न

**झज्जर ,चंडीगढ़ ,पंचकूलाः-** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बादली में स्वर्गीय के.डी. शर्मा जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 20वां के.डी. शर्मा मेमोरियल वजीफा पुरस्कार समारोह शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी आयोजन बनकर उभरा। समारोह में शिक्षा, प्रशासन और समाज के विभिन्न वर्गों से आए गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विद्यालय की आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को वजीफा, सम्मान पत्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वर्गीय के.डी. शर्मा



जी के परिवार के सभी सदस्य समारोह में उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों को स्वर्गीय शर्मा जी के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

स्वर्गीय के.डी. शर्मा जी, जो दिल्ली विकास प्राधिकरण (ऊऊअ) में डायरेक्टर पद से सेवानिवृत्त हुए थे, ने अपने जीवनकाल में लगभग 800 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की – वह भी बिना किसी भेदभाव और निस्वार्थ भाव से। उनके कार्यों ने शिक्षा और रोजगार के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त किया।

समारोह में वक्ताओं ने स्वर्गीय शर्मा जी के जीवन मूल्यों – ईमानदारी, नेतृत्व, निष्ठा और सेवा भावना – को विस्तार से रेखांकित किया। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

समारोह का समापन स्वर्गीय के.डी. शर्मा जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया, और सभी ने उनके आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

समारोह में हवन का कार्य स्वर्गीय के.डी. शर्मा जी के परिवार के सदस्यों ने निवास स्थान पर किया। उनकी आत्मा की शांति के लिए मंत्रोच्चारण और आहुति दी, जिससे उनके जीवन और सेवा के प्रति श्रद्धा प्रकट हुई और समारोह का आध्यात्मिक महत्व बढ़ा।

## अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण ने रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर का किया

**बांदा। एजेंसी।** अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) डा. बी.डी. पाल्सन द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. व पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के साथ पुलिस लाइन बांदा रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (त्ज्ब) का निरीक्षण किया गया । इस दौरान आरटीसी-2025 बैच के रिक्रूट आरक्षियों के चल रहे प्रशिक्षण की गहन समीक्षा की गई तथा प्रशिक्षण से जुड़ी विभिन्न बुनियादी व्यवस्थाओं और संसाधनों का विस्तृत जायजा लिया गया । अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा निरीक्षण के दौरान परेड ग्राउंड, शिक्षण कक्ष, भोजनालय, बैरक, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य बुनियादी जरूरतों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारों हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए तथा प्रशिक्षण कर रहे आरक्षियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनके अनुभवों, कठिनाइयों तथा सुझावों को भी गंभीरता से सुना गया । रिक्रूट आरक्षियों के शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, क्लास रूम लेक्चर्स, अभ्यास सत्र एवं मानसिक दक्षता से संबंधित प्रशिक्षण मॉड्यूल की गुणवत्ता की समीक्षा की गई तथा प्रशिक्षकों के साथ गोष्ठी कर निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में अनुशासन, समयबद्धता एवं उच्च मानकों को हर स्तर पर प्राथमिकता दी जाए साथ ही प्रशिक्षण को व्यावहारिक और आधुनिक चुनौतियों के अनुकूल बनाया जाए । इस दौरान पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री मेविस टाक, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर, क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक बांदा बेलास यादव, आरटीसी प्रभारी संजय उपाध्याय आदि उपस्थित रहे ।

# दृष्टि आकांक्षा ने दिल्ली में जीता कांस्य पदक

बेगूसराय/ राष्ट्र संवाद ब्यूरो

## गतका चैंपियनशिप में बिहार टीम का शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली के गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में 10 से 12 अक्टूबर तक आयोजित 9वीं सब जूनियर एवं जूनियर गतका चैंपियनशिप में बेगूसराय की बेटी दृष्टि आकांक्षा ने कांस्य पदक जीतकर जिले और राज्य का नाम रोशन किया. यू-14 बालिका वर्ग की टीम फरी सोटी की खिलाड़ी दृष्टि ने गतका एसोसिएशन ऑफ बिहार के लिए शानदार प्रदर्शन किया. बिहार टीम का नेतृत्व महासचिव भोला कुमार थापा ने किया, जबकि कोच सुरज कुमार और सुश्री निभा कुमारी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना दिखाई. दृष्टि के साथ बेगूसराय से दो और खिलाड़ी मो. रेहान अंसारी और आयुष कुमार (बालक वर्ग) में शामिल थे. दिल्ली से देर रात लौटने पर बेगूसराय रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया. गतका एसोसिएशन ऑफ बेगूसराय के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम कुमार और कोषाध्यक्ष संजीत कुमार उर्फ पंकज कुमार ने माला पहनाकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया. टीम के साथ सचिव मंजेश कुमार भी मौजूद थे, जिन्होंने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई. दृष्टि की इस उपलब्धि पर जिलेभर से बधाइयों का तांता लग गया. जिला खेल पदाधिकारी श्याम कुमार



सहनी, अध्यक्ष डॉ. बिरेंद्र कुमार, रिटायर्ड विंग कमांडर रंजीत कुमार, पूर्व मेयर आलोक कुमार अग्रवाल ने शुभकामनाएं दीं. वहीं समाजसेवी डॉक्टर केशव गांधी, बाईट कम्प्यूटर के डायरेक्टर संजय कुमार सिंह, माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव रौशन कुमार, सूर्यकला रामजी फाउंडेशन के सचिव शैलेन्द्र कुमार ने भी सराहना की. रजौड़ा के मुखिया अहमद हुसैन, पूर्व मुखिया गीता देवी और युवा समाजसेवी सादिक अमन ने दृष्टि को प्रेरणास्त्रोत बताया. इंडियन पब्लिक स्कूल लोहिया नगर के प्राचार्य अनुज कुमार, उप प्राचार्य बसंत भारद्वाज और क्लास टीचर शुभम सिन्हा सहित सभी शिक्षकों ने बधाई दी. प्राचार्य अनुज कुमार ने दृष्टि को खेल कोटे से स्कॉलरशिप देने की घोषणा की. दृष्टि की यह उपलब्धि न केवल बेगूसराय बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है. इससे जिले में गतका जैसे पारंपरिक खेल के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है. खेल भावना, अनुशासन और समर्पण की मिसाल बनी दृष्टि आकांक्षा अब आने वाले वर्षों में और ऊंचाइयों को छूने की तैयारी में है. बिहार की बेटियों की यह उपलब्धि राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक प्रेरक कदम है. गतका एसोसिएशन ऑफ बिहार और बेगूसराय की टीम ने यह साबित कर दिया कि सीमित संसाधनों में भी उत्कृष्टता हासिल की जा सकती है. स्थानीय प्रशासन और समाजसेवियों से अपेक्षा है कि ऐसे खिलाड़ियों को निरंतर सहयोग और मंच मिलता रहे. दृष्टि की जीत ने यह संदेश दिया है कि लगन, मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं. बेगूसराय की धरती से निकली यह चमकती प्रतिभा आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी परचम लहराएगी. खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता और समर्थन से जिले में नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी. दृष्टि आकांक्षा की यह उपलब्धि आने वाले खिलाड़ियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी. बिहार की बेटियों में छिपी प्रतिभा को पहचानने और संवारने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है. दृष्टि को शुभकामनाएं, उनकी यह यात्रा यहीं नहीं थमेगी, बल्कि और ऊंचाइयों तक जाएगी.

# तेघरा विधानसभा क्षेत्र संख्या 143 से भाजपा ने पूर्व एमएलसी रजनीश कुमार को अपना उम्मीदवार घोषित किया है

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बीहट/बेगूसराय** तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र संख्या 143 से भाजपा के पूर्व एमएलसी रजनीश कुमार को भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार घोषित किया है । टिकट मिलने के बाद अपने कार्यकताओं के साथ रजनीश कुमार बुधवार को सिमरिया राजेंद्र जीरोमाइल गोलंबर के दिनकर प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पण करके अपने कार्यकताओं के साथ तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र में लोगों से मिले । इस दौरान उन्होंने कहा कि तेघड़ा की जनता का आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं क्षेत्र के विकास युवाओं को रोजगार की समृद्धि के लिए पूरी निष्ठा से काम करूंगा। भाजपा को टिकट मिला है। भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा का गढ़ है । जिन्होंने




बेगूसराय नहीं पूरे उत्तर बिहार में हमारे संघ के विचारधारा को बढ़ाने का काम किया है। आदरणीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समर्थकों का है। उनकी विचारधारा का है। चिराग पासवान का है। जितेंद्र मांझी और उपेंद्र कुशवाहा जी से बिहार का विकास करने वाली विचारधारा जैसी राजनीतिक दलों का है । इस बार वह 20 में हुई उसको सुधार दिया जाएगा। यहां से भारतीय जनता पार्टी और एनडीए का मैं आया हूं। कमल निशान उस पर भारी बहुमत से तेघरा की जनता की जीत होगी। बेगूसराय का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है। जहां मैं अभी खड़ा हूं प्रसिद्ध जन्माष्टमी मेला का आयोजन होता है। भगवान श्री कृष्ण का अगर जन्मोत्सव पूरे देश में वृंदावन में मथुरा तो उनकी जन्मस्थली है । वहां होता है जहां पूरे हिंदुस्तान का सबसे बड़ा जन्म का मेला कहां लगता है हमसे पर्यटन के क्षेत्र में स्थापित करने का काम करेगा। गंगा किनारे बसा हुआ यह हमारा क्षेत्र सिमरिया गंगा धाम है सिमरिया धाम बनाने में काम किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को लाकर के और वहां हमने कुंभ का शुरूआत हमारे संत महात्माओं के सहयोग करके करने का काम किया। किसी परिवार किसी जाति विशेष की पार्टी नहीं है यह कार्यकताओं की पार्टी है। वह लड़े वह उनको अवसर मिले लेकिन इतनी बड़ी संख्या में कई कार्यकर्ता हमसे ज्यादा सक्षम है जिनको टिकट मिलना चाहिए। नाराजगी नहीं है।

आप देखिएगा बहुत भारी समर्थन और उससे भी भारी जीत यहां पर कमल का निशान यह भारतीय जनता पार्टी का निशान नहीं है यह निशान या निशान एनडीए का है। यहां केवल बीजेपी चुनाव नहीं लड़ रही है यहां चुनाव यहां केवल नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव नहीं होगा यहां नीतीश कुमार जी का भी नाम है।

# बूढ़ीगंडक नदी के जल स्तर में वृद्धि को लेकर विभागीय अभियंताओं ने तटबंध का किया निरीक्षण



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** बूढ़ीगंडक नदी के जल स्तर में लगातार वृद्धि हो रही है. बुधवार को नदी का जल स्तर खतरे के निशान से 35 सेंटीमीटर ऊपर हो गया है. बूढ़ीगंडक नदी के जल स्तर में आधा सेमी. प्रति घंटा के दर से वृद्धि हो रही है. नदी के जल स्तर में लगातार वृद्धि होने से पानी नदी के गर्भ स्थल में फैल गया है. नदी के गर्भ स्थल में लगी फसलें डूब गयी है. नदी के जल स्तर में हो रही लगातार वृद्धि को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल रोसड़ा के अभियंताओं की टीम ने बुधवार को तटबंध का निरीक्षण किया. बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के मुख्य अभियंता नवल किशोर भारती, कार्यपालक अभियंता योगेश कुमार के अलावे सहायक अभियंता, कनीय अभियंताओं की टीम ने नदी के तटबंध की स्थिति का निरीक्षण किया. विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि गुरुवार की संध्या से नदी के जल स्तर में वृद्धि का सिलसिला रुक जायेगा. लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है. वहीं अक्टूबर महीने में नदी के जल स्तर में उफान आने से लोग चिंतित हैं.

# हावड़ा में ज्वेलरी लूट कांड मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार,भारी मात्रा में लुटे गये ज्वेलरी बरामद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**भगवानपुर/ बेगूसराय** हावड़ा जी आर पी थाना कांड संख्या 138/25 मामले में तेघड़ा थाना क्षेत्र से एक व भगवानपुर थाना क्षेत्र से दो अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा गिरफ्तार अभियुक्त को हावड़ा जी आर पी थाना की पुलिस टीम अपने साथ ले गई। उक्त मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 8 अक्टूबर 2025 को हावड़ा (कोलकाता) में हुई ज्वेलरी लुट मामले में भगवानपुर थाना अंतर्गत मिली सूचना के आधार पर जिला आसूचना इकाई बेगूसराय तेघड़ा थाना व हावड़ा जी आर पी थाना की पुलिस टीम के द्वारा संयुक्त कार्रवाई में तेघड़ा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें भगवानपुर थाना क्षेत्र के मेंहदौली गांव में छापामारी कर दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।जिसकी पहचान उक्त गांव निवासी बैद्यनाथ सिंह के पुत्र राजेश सिंह व दूसरा तेघड़ा थाना क्षेत्र के बरियारपुर बरौनी गांव निवासी मोहम्मद सबीर का पुत्र मोहम्मद महबूब के रूप में हुई है तथा गिरफ्तार इन दोनों व्यक्ति के पुछताछ करने पर तथा इनके निशानदेही पर इनके सहयोगी को तेघड़ा थाना के सहयोग से तेघड़ा थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव में छापामारी कर मोहम्मद जाफर ,पिता मोहम्मद अख्तर को गिरफ्तार किया गया। मोहम्मद अख्तर के घर में तालाशी लेने पर लुटा हुआ सोना के जेवर जो जमीन के नीचे के अंदर गाड़ कर रखा हुआ था विधिवत जप्त कर लिया गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल,4 सोने का चेन,26 पीस सोने की अंगूठी,9 पीस सोने का मंगलसूत्र,5 पीस मांथे का मंटीका ,38 जोड़ा कान का बाली,8 जोड़ा कान का झुमका तथा एक नोज पिन बरामद किया गया है। बरामद उपरोक्त सभी ज्वेलर्स को पुलिस ने हावड़ा जी आर पी थाना की पुलिस को सुपुर्द कर दिया,जिसे हावड़ा जी आर पी थाना की पुलिस साथ ले गए।

# चंद्र प्रकाश सिंह आनंद जी आज 16 अक्टूबर गुरुवार को तेघड़ा विधानसभा सीट से करेंगे नामांकन, जनशक्ति जनता दल पार्टी से लड़ेंगे चुनाव

बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो

वायु सेना के सेवानिवृत अधिकारी सह समाजसेवी बरौनी गांव निवासी चंद्र प्रकाश सिंह आनंद जी

16 अक्टूबर गुरुवारको को तेघड़ा विधानसभा सीट से धूमधाम से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों से इस दिन भारी संख्या में शामिल होने की अपील की। चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि वे विकास पुरुष तेज प्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल से चुनाव लड़ेंगे । उनके जनशक्ति जनता दल से जुड़ने से तेघड़ा विधानसभा की




सीट पर चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो सकता है।

जब मीडिया द्वारा उनसे पूछा गया कि वे किस पार्टी से मैदान में उतरेंगे, तो चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि तेज प्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल'से नामांकन करेंगें, उनके इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है, वहीं उनके समर्थकों में काफी उत्साह का माहौल है। उन्होंने बताया कि अवकाश प्राप्ति के बाद कई वर्षों से जनता की सेवा करते आ रहे हैं। विधानसभा की जनता हमें आशीर्वाद देकर विधानसभा भेजती है तो मैं नेता नहीं बेटा के तौर पर पूरे विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार के साथ ही क्षेत्र के चहुमुखी विकास करेंगे।

# कलयुग में केवल राम नाम ही सहारा -आचार्य वेदानन्द शास्त्री

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बीहट /बेगूसराय** राधाकृष्ण भक्त मंडल समिति गरहरा द्वारा आयोजित एक दिवसीय श्री राम कथा सत्संग समारोह मेंआचार्य श्री वेदानंद शास्त्री आनंद जी ने भरत के निश्छल प्रेम का स्मरण कराते हुए कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि वन में भगवान श्री राम की दिनचर्या साधारण मानव की तरह व्यतीत हो रही थी। अपने पिता को दिया हुआ वचन तो बस एक संयोग था,जबकि वे दुष्टों का संहार करने के लिये वन में जाना स्वतः स्वीकार किये थे। प्रभुश्रीराम लक्ष्मण जी इहलौकिक व्यवहार एवं माया के बारे में बताये। भगवान की प्रेरणा से शूर्पणखा का प्रवेश उनके कुटिया में होती है और संवाद होते होते उसकी कान नाक को लक्ष्मण जी काटते है। और प्रभु की लीला का प्रारंभ होता है। प्रकरण के अनुसार मारीच का सोने का मृग बनना उनका भगवान के हाथो उद्धार रावण के द्वारा श्रीसीताजी का हरण जटायु का रावण से युद्व ओर उनका प्रभु के



द्वारा सदगति करना विस्तार से बताये। इसी बीच इंद्र के पुत्र जयंत ने एक कौवा का रूप लेकर श्री जानकी जी के सुंदरता से मोहित होकर उनके चरण पे चोंच मार भागा परंतु श्री भगवान के अलावा उसे कहीं शरणागति नही मिली। उन्होंने कहा की जब तक आत्मिक संतोष न हो जाये तब तक आप कितने भी ऐश्वर्यवान हो जाये यथा इंद्र के स्वर्ग जैसा सुख और भोग विलास की तुलना सात्विक उत्कृष्ट सुखों से नही हो सकती फिर भी उद्विग्न मन से उन्होंने ऐसा दुर्व्यवहार कर दिये। दूसरी ओर भगवान की प्रतीक्षा में शबरी के बिताये जीवन और विश्वास की पराकाष्ठा का भी वर्णन किये। इस संसार में माता पिता एवं गुरु की भूमिका जीवणोद्धार के लिए परम आवश्यक है। गुरु के वचन को पूर्ण निष्ठा से मानने से इहलौकिक एंव पारलौकिक सभी सुख प्राप्त हो जाते है। अपने इन्द्रियों का संयम एवं प्रभु की भक्ति से मानव सभी प्रकार के कल्मषों से मुक्त हो जाता है। श्री भगवान ने शबरी के प्रेम एवं उत्कृष्ट दर्शन के अभिलाषी को प्रमाणिक करते हुए नवधा भक्ति का ज्ञान दिये, और मोक्ष प्रदान करते हुए सदगति दी। भक्ति के लिये न ही उम्र न ही जाति और न ही रंगभेद होता है। हरि को भजे सो हरि के होई।

मौके पर राधाकृष्ण भक्त मंडल के संयोजक जीवानन्द मिश्रा, अध्यक्ष नेहा अमर,सचिव खुशबू सिन्हा, बन्दना मिश्रा के अलावे दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।.

# पूर्णिया में प्रमंडल स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ, 350 छात्र-खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**पूर्णिया,** ।जिला स्कूल, पूर्णिया के खेल मैदान में बुधवार को प्रमंडल स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अंजनि कुमार, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, जिला खेल पदाधिकारी रवि शंकर झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अरविंद प्रकाश सहित विभिन्न पदाधिकारी और पत्रकारगण उपस्थित रहे।

प्रमंडल के चारों जिलों से लगभग 350 छात्र-खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, जबकि भारत स्काउट एंड गाइड्स की बैंड पार्टी ने जोशपूर्ण धुनों से माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया।रामबाग उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गीत, श्लोक और नाटक प्रस्तुत कर लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सुंदर स्वागत नृत्य कर दर्शकों की वाहवाही लूटी।

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर ट्रक चला रहा छत्तीसगढ़ का चालक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण,।** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में बुधवार को देर शाम हरैया थाना की पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर ट्रक चला रहे एक चालक को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, हरैया थाना प्रभारी किशन कुमार पासवान के नेतृत्व में पुलिस बल ने विशेष जांच अभियान के दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर जांच की। इस दौरान वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर पर संदेह होने पर जब वाहन का सत्यापन किया गया तो ट्रक में किसी अन्य वाहन का नंबर लगाया पाया गया। पूछताछ में चालक की पहचान अजय कुमार मिश्रा, निवासी अमानका थाना, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) के रूप में हुई। इस संबंध में डीएसपी मनीष आनंद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सीमा क्षेत्र में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर ट्रक संचालित किया जा रहा है।

सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस टीम ने हरैया क्षेत्र में निगरानी शुरू की, जिसके बाद संदिग्ध ट्रक को रोककर जांच की गई।

## सार-संक्षेप

### शराब माफियाओं के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**भगवानपुर /बेगूसराय** इनदिनो थाना क्षेत्र में शराब कारोबारी लगातार पुलिस के हत्थे चढ़ रहे हैं तथा शराब भी लगातार बरामद हो रहा है। इसका मतलब है कि शराब कारोबारी बेखौफ है। इधर विधानसभा चुनाव को देखते हुए भगवानपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शराब जब्ती को लेकर श्वान दस्ते के साथ छापेमारी की जा रही है।थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के कादराबाद के समीप पुलिस बल के साथ छापेमारी की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब धंधेबाजों में दहशत व्याप्त हो गया है।



### जिला पदाधिकारी ने स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने एवं जागरूकता फैलाने का आह्वान किया किया

बेगूसराय राष्ट्र संवाद ब्यूरो

ग्लोबल हाँड़वाशिंग डे पर पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित। ग्लोबल हाँड़वाशिंग डे के अवसर पर आज जिला के सभी प्रखंडों में स्थित विभिन्न विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में ह्लहाथ धुलाई दिवसह्व का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं आमजन के बीच स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हाथ धोने की आदत को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना था।

कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कर्मियों एवं शिक्षकों द्वारा बच्चों को साबुन से हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन किया गया। बच्चों को यह बताया गया कि भोजन करने से पहले और शौच के बाद हाथ धोना बीमारियों से बचाव का सबसे सरल एवं प्रभावी उपाय है। साथ ही हाथ धोने के पाँच चरणों – गीला करना, साबुन लगाना, हाथों की हथेलियों और उंगलियों के बीच रगड़ना, धोना एवं सुखाना – की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर आंगनवाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने और समाज में इस संदेश को फैलाने का आह्वान किया।बच्चों ने सामूहिक रूप से ह्लस्वच्छ हाथ, स्वस्थ जीवनह्व का संकल्प लिया तथा यह संदेश दिया कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य का आधार है। साथ ही कई सामूहिक हाथ धुलाई प्रदर्शन के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया।

जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्री तुषार सिंगला ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में प्रारंभिक अवस्था से ही स्वच्छता की आदत विकसित की जा रही है, जिससे आने वाली पीढ़ी स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में योगदान दे सकेगी।

### तेघड़ा : दीपावली व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



बेगूसराय राष्ट्र संवाद ब्यूरो

तेघड़ा थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी दीपावली और छठ पूजा को शांति और सद्भाव पूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर बिशेष रुप से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी रविशंकर कुमार एवं थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की लोगों से अपील की। आमजनों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग की अपील की गई। लोगों ने पर्व के दौरान होने वाली कठिनाई को लेकर अपनी अपनी राय व्यक किया। थाना अध्यक्ष ने कहा कि आस्था से जुड़े दो महत्वपूर्ण पर्व दीपावली और छठ मनाया जाना है। इसके साथ इस बार लोकतंत्र का महापर्व यानी विधानसभा चुनाव भी है। ऐसे में लोगों से शांति और सद्भाव के साथ पर्व संपन्न कराए जाने में प्रशासन को सहयोग देने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर जगह जगह दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं पुलिस गश्त अलग से काम करता रहेगा। समय समय पर वरीय अधिकारी क्षेत्र का जायजा लेते रहेंगे। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर शख्त पहरा रहेगा। असामाजिक तत्वों से प्रशासन शख्ती के साथ निपटेगी। वहीं तेज आवाज वाले पटाखे के प्रयोग नहीं करने की बात कही गई। इंटरनेट मीडिया पर प्रशासन की नजर रहेगी। लोगों को अफवाह पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी गई। अंचलाधिकारी रविशंकर कुमार ने कहा कि सभी समुदाय के लोग सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। क्षेत्र में गडबड़ी करने वालो , की सूचना प्रशासन को देने को कहा गया। ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। बैठक में तेघरा थाना इंस्पेक्टर निर्भय कुमार के अलावे दर्जनों की संख्या में लोग शामिल हुए

### भारत और नेपाल के अधिकारियो की हुई संयुक्त समन्वय बैठक

**पूर्वी चंपारण,** इंटीग्रेडेट चेकपोस्ट (आईसीपी) स्थित सभागार में बुधवार को भारत और नेपाल के अधिकारियो की बैठक हुई।

संयुक्त समन्वय बैठक में दोनों देशों के शीर्ष प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों ने सीमावर्ती सुरक्षा, तस्करी की रोकथाम तथा बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान पारस्परिक समन्वय को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।

उल्लेखनीय है,कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नामांकन की प्रक्रिया 13 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 20 अक्टूबर तक चलेगी तथा दो चरणों में मतदान होगा पहला चरण 6 नवंबर और दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा। इसको लेकर सीमान्त मुख्यालय, एस.एस.बी., पटना के महानिरीक्षक निशीत कुमार उज्जवल, भा.पु.से., का 47वीं वाहिनी एस.एस.बी., रक्सौल में दो दिवसीय दौरा संपन्न हुआ।

अपने दौरे के दौरान महानिरीक्षक उज्जवल ने सबसे पहले वाहिनी मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर ग्रहण किया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इसके उपरांत उन्होंने सैनिक सम्मेलन को संबोधित किया, जिसमें बल के जवानों को सीमावर्ती सुरक्षा, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान, आने-जाने वाले नागरिकों की जांच-पड़ताल तथा चुनावी अवधि में चौकसी बरतने के निर्देश दिए।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

# गिल, कोहली और रोहित ऑस्ट्रेलिया रवाना, जानिए कब होगी दूसरे जत्थे की रवानगी?

**नई दिल्ली ।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 अक्टूबर से वनडे सीरीज की शुरुआत होने जा रही है, जिसके लिए कप्तान शुभमन गिल, विराट कोहली और रोहित शर्मा समेत कुछ अन्य सदस्यों का एक ग्रुप बुधवार को ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गया। टीम का दूसरा बैच आज रात 9 बजे रवाना होगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होने वाले पहले ग्रुप में सहयोगी स्टाफ और कई वरिष्ठ खिलाड़ी भी शामिल हैं। बाकी सदस्य ऑस्ट्रेलिया में टीम के अभ्यास सत्र से पहले साथियों से जुड़ेंगे। भारत-ऑस्ट्रेलिया की टीमें 19-25 अक्टूबर के बीच तीन वनडे मैच खेलेंगी, जिसके बाद 29 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच दोनों देश पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज खेलेंगे।

दोनों देशों के बीच 19 अक्टूबर को पर्थ स्टेडियम में पहला वनडे मैच से खेला जाएगा, जिसके बाद 23 अक्टूबर को एडिलेड ओवल और 25 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में मैच आयोजित होंगे।

भारत ने पिछली बार 2020-21 में द्विपक्षीय वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, जहां उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। टीम इंडिया लंबे वक्त बाद इस हार का बदला लेना चाहेगी।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की कमान शुभमन गिल के हाथों में है, जबकि श्रेयस अय्यर के पास टीम की उपकप्तानी है। इस टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी हैं।

इनके अलावा अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, यशस्वी जायसवाल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा और ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर) टीम का हिस्सा हैं।

विराट कोहली और रोहित शर्मा करीब 6 महीनों के बाद वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं। कोहली 36 साल के हैं, जबकि रोहित शर्मा 38 साल के हैं। ऐसे में उनके भविष्य को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया दौरा इन दोनों दिग्गजों के आगामी विश्व कप में खेलने की चाहत में महत्वपूर्ण चुनौती होगा।





## प्यूर्टो रिको के खिलाफ अर्जेंटीना की शानदार जीत, नेमार को पछाड़कर मेसी ने रचा इतिहास

**फोर्ट लॉडरडेल ।** अर्जेंटीना ने चेज स्टेडियम में प्यूर्टो रिको के खिलाफ 6-0 से जीत दर्ज की। मुकाबले के दौरान स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने दो गोल में असिस्ट किया। इसी के साथ लियोनेल मेसी पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक असिस्ट करने वाले खिलाड़ी बन गए। अद्भुत कौशल और रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धियों के लिए मशहूर मेसी ने अब तक अंतराष्ट्रीय स्तर पर 60 असिस्ट किए हैं। प्यूर्टो रिको के खिलाफ दो असिस्ट के साथ उन्होंने नेमार और लैंडन डोनोवन को पछाड़ दिया। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने करियर में 58-58 असिस्ट किए हैं। अब मेसी अपने पेशेवर करियर में कुल 400 असिस्ट से सिर्फ तीन ही कदम दूर हैं। प्यूर्टो रिको के विरुद्ध मुकाबले में अर्जेंटीना ने तुरंत ही गेंद पर नियंत्रण कर लिया था।

मुकाबले के 13वें मिनट मोंटील ने मेसी को क्रॉस दिया, जिन्होंने क्रॉसबार पर शॉट मारा। निकोलस गोंजालेज ने रिबाउंड पर वॉली से गेंद को गोल की ओर पहुंचाया और मैक एलिस्टर ने हेडर से गोल करके मैच का खाता खोला।

मैच के 23वें मिनट मेसी ने मोंटील को एक बेहतरीन पास दिया, जिन्होंने इसे गोल में तब्दील करते हुए अर्जेंटीना के स्कोर को 2-0 पहुंचा दिया।

इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी लगातार प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल की तलाश में लगे रहे। मैक एलिस्टर ने मुकाबले के 36वें मिनट एक और गोल किया।

दूसरे हाफ में, मैदान पर कुछ बदलावों के साथ एल्बी सेलेस्टे ने मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा। 64वें मिनट तक अर्जेंटीना की टीम 4-0 से आगे थी।

79वें मिनट मेसी के एक और बेहतरीन पास के बाद, निको गोंजालेज ने गेंद को लौटारो मार्टिनेज को दिया, जिन्होंने तुरंत इसे गोल में बदलते हुए स्कोर 5-0 पहुंचा दिया। 84वें मिनट मेसी ने पीछे से एक शानदार पास दिया, जिससे मार्टिनेज ने फिर से बिना गलती किए, एक तेज और सटीक फिनिश के साथ स्कोर को 6-0 में बदल दिया।

## गुवाहाटी का टेस्ट मैच बड़ी चुनौती, भारत के अगले टेस्ट मैच पर अश्विन का चौंकाने वाला बयान



**चेन्नई।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि गुवाहाटी में आगामी टेस्ट मैच भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों के लिए विदेश जैसी परिस्थितियों वाला मुकाबला साबित हो सकता है। उन्होंने देश में स्थायी टेस्ट केंद्र और अच्छी पिचों की जरूरत पर भी जोर दिया।

गुवाहाटी का बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम भारत का सबसे नया टेस्ट स्थल बन जाएगा और 22 से 26 नवंबर तक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के दूसरे और अंतिम मैच की मेजबानी करेगा, जिसमें गत विजेता दक्षिण अफ्रीका भारतीय टीम से भिड़ेगी।

अश्विन ने कहा, मैं इस मैदान पर खेलने के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन स्थायी टेस्ट केंद्र बनाने का विचार बेहद जरूरी है। मौजूदा भारतीय खिलाड़ियों में से किसी ने भी यहां लाल गेंद से टेस्ट नहीं खेला है। गुवाहाटी की परिस्थितियां भारतीय टीम के लिए भी नई होंगी।

# क्या रोहित और विराट अगला विश्व कप खेलेंगे? गौतम गंभीर के जवाब से उठे सवाल



**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम ने नई दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराकर सीरीज 2-0 से जीत ली। भारत का अगला दौरा ऑस्ट्रेलिया का है, जहां टीम को 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली भारतीय टीम का हिस्सा हैं। नई दिल्ली टेस्ट के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन दोनों खिलाड़ियों से जुड़े सवाल पर मुख्य कोच गौतम गंभीर ने जो कहा, वो उनके भविष्य पर कहीं न कहीं सवालिया निशान लगाता है। गौतम गंभीर से ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का हिस्सा रोहित शर्मा और विराट कोहली के 2027 विश्व कप में खेलने की संभावना पर सवाल पूछा गया। गंभीर के जवाब ने कहीं न कहीं भारतीय टीम के दो सबसे अनुभवी बल्लेबाजों के वनडे करियर और अगला विश्व कप खेलने की संभावना पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। गंभीर ने कहा, ÷50 ओवरों का विश्व कप अभी ढाई साल दूर है। मुझे लगता है कि वर्तमान में रहना बहुत जरूरी है। दोनों बेहतरीन खिलाड़ी हैं, वे वापसी कर रहे हैं, और उनका अनुभव ऑस्ट्रेलिया में भी काम आएगा। उम्मीद है कि उन दोनों खिलाड़ियों का दौरा सफल रहेगा, और उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि एक टीम के रूप में, हमारी सीरीज सफल रहेगी।

गंभीर के जवाब का अध्ययन करने पर दो तथ्य सामने आते हैं। एक यह कि विश्व कप ढ़ाई साल बाद है। दरअसल, इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगले विश्व कप तक रोहित और विराट 40 साल के करीब होंगे। ऐसे में उनकी फिटनेस बेहद अहम होगी। इसके अलावा, गंभीर ने दोनों के सफल दौरे का जिक्र किया है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि रोहित और विराट के बल्ले से रन आने चाहिए। उन्हें सिर्फ अनुभव और पुराने फॉर्म के आधार पर शायद ही मौका मिले। रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट और टी20 से संन्यास ले चुके हैं। दोनों खिलाड़ियों का एकमात्र सपना वनडे विश्व कप 2027 खेलना और जीतना है। देखना होगा कि दोनों का यह सपना पूरा हो पाता है या नहीं।



## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में 5 बड़ी भारतीय पारियां

### रोहित शर्मा शीर्ष पर

**नई दिल्ली,।** भारतीय क्रिकेट टीम 3 वनडे और 5 टी20 मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली है। पहले वनडे सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज के तीन मैच 19, 23 और 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच हमेशा संघर्षपूर्ण पूर्ण और रोमांचक होते रहे हैं। कई भारतीय बल्लेबाजों ने अपने जीवन की श्रेष्ठ पारियां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली हैं। मौजूदा टीम में रोहित, विराट और गिल जैसे खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। आइए जानते हैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किन पांच भारतीय बल्लेबाजों ने वनडे में बड़ी पारियां खेली है। रोहित शर्मा का पहला एकदिवसीय दोहरा शतक नवंबर 2013 में बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आया था। 158 गेंदों पर 12 चौकों और 16 छक्कों की मदद से बनाए गए से उन्होंने 209 रन बनाए थे। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी भारतीय बल्लेबाज की सबसे बड़ी पारी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की तरफ से वनडे की दूसरी बड़ी पारी सचिन तेंदुलकर ने खेली है। तेंदुलकर ने 2009 में 141 गेंदों पर 175 रनों की तूफानी पारी खेली थी। हालांकि 351 रन का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ये मैच 3 रन से हार गई थी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की तरफ से तीसरी बड़ी पारी रोहित शर्मा ने ही खेली है। रोहित ने पर्थ में 2016 में 171 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की तरफ से चौथी बड़ी पारी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने खेली है। 2019 में धवन ने 115 गेंद पर 143 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की तरफ से पांचवीं बड़ी पारी पूर्व कप्तान धोनी ने 2013 में खेली थी। धोनी ने 121 गेंद पर 139 रन बनाए थे।

## करीब 5 लाख की आबादी, काबो वर्डे ने फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली ।** काबो वर्डे ने पहली बार फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उसने एस्वातिनी को 3-0 से शिकस्त देकर ग्लोबल फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। करीब 5 लाख आबादी वाला काबो वर्डे, विश्व कप में पहुंचने वाला आबादी के लिहाज से दूसरा सबसे छोटा देश बन गया है। इस सूची में आइसलैंड शीर्ष पर है, जिसने साल 2018 फीफा विश्व कप में हिस्सा लिया था। पहले हाफ में एस्वातिनी के खिलाफ कड़ी टक्कर के बाद, काबो वर्डे ने दूसरे हाफ में शानदार खेल दिखाया। डैलोन लिव्रामेंटो, विली सेमेडो और स्टोपिरा के गोल ने एस्तादियो नासियोनल दे काबो वर्डे में फैंस को जश्न का मौका दिया।



काबो वर्डे ने अंतिम समय में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाई किया। पहले हाफ में तेज हवा के चलते कठिनाई झेलने के बाद, ब्लू शार्क्स ने 48वें मिनट पहली सफलता हासिल की। यानिक सेमेडो के क्रॉस पर डैलोन लिव्रामेंटो ने गोल दागा।

टीम ने लगातार आक्रमण जारी रखा। इस बीच जमिरो मोंतेइरो का दूर से शॉट क्रॉसबार से टकराया। 54वें मिनट विली सेमेडो ने रयान मेंडेस के क्रॉस पर पांच यार्ड की दूरी से गोल करके टीम को 2-0 से बढ़त दिलाई।

37 वर्षीय स्टोपिरा ने 90+1 मिनट पर गोल दागते हुए टीम को मुकाबले में 3-0 से आगे करते हुए जीत सुनिश्चित कर दी।

काबो वर्डे इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाला सबसे छोटा राष्ट्र बन गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड त्रिनिदाद और टोबैगो के नाम था, जिसने जर्मनी में आयोजित फीफा वर्ल्ड कप 2006 में भाग लिया। काबो वर्डे के इस ऐतिहासिक अभियान में लगातार पांच जीत शामिल थीं। इस टीम ने एस्वातिनी को हराकर फीफा विश्व कप के लिए ऐतिहासिक क्वालीफाई किया। अब 5 दिसंबर को वाशिंगटन डीसी में होने वाले ड्रॉ में काबो वर्डे को फीफा विश्व कप 26 के ग्रुप-स्टेज प्रतिद्वंद्वियों का पता चलेगा।

# विश्व कप के बीच महाकाल की शरण में भारतीय महिला टीम

### जीत के लिए बाबा का आशीर्वाद लिया

**उज्जैन ।** विश्व कप 2025 के बीच भारतीय महिला टीम %महाकाल% की शरण में पहुंची है। भारतीय खिलाड़ियों ने बुधवार सुबह आस्था और आध्यात्म की नगरी उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर के दर्शन किए। कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना के साथ भारतीय महिला टीम की कई खिलाड़ी यहां तड़के होने वाली भस्म आरती में शामिल हुईं। खिलाड़ी पूरी तरह भक्तिभाव में लीन होकर अपनी पूजा-अर्चना करते नजर आए। इस दौरान खिलाड़ियों ने नंदी हॉल में बैठकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। टीम ने महाकाल के दरबार में आगामी मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन और विश्व कप जीतने की कामना की।

भारत ने इंदौर के होल्कर स्टेडियम में 19 अक्टूबर को विश्व कप 2025 का 20वां मैच खेलना है। भारतीय टीम फिलहाल 4 में से 2 मुकाबले जीतकर प्वाइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर मौजूद है।

टीम इंडिया ने श्रीलंका के विरुद्ध अपने अभियान का पहला मैच डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 59 रन से जीता था, जिसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ 88 रन से जीत दर्ज की। इसके बाद टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले दोनों मुकाबले 3-3 विकेट से गंवा दिए।

भारतीय टीम 19 अक्टूबर को इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले के बाद नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में 23 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। भारतीय टीम इसी मैदान पर 28 अक्टूबर को बांग्लादेश को चुनौती देगी।

इस विश्व कप में प्रतिका रावल चार मुकाबलों में 45 की औसत के साथ 180 रन बनाकर भारत की शीर्ष बल्लेबाज हैं। वहीं, ऋचा घोष ने 4 पारियों में 54.33 की औसत के साथ 163 रन बनाए। हरलीन देओल 145, जबकि स्मृति मंधाना 134 रन जुटा चुकी हैं।

गेंदबाजों में दीप्ति शर्मा चार मुकाबलों में 22.78 की औसत के साथ 9 विकेट लेकर शीर्ष भारतीय गेंदबाज हैं। वहीं, क्रांति गौड़ और स्नेह राणा 6-6 विकेट अपने नाम कर चुकी हैं।



## संजू सैमसन की केरल रणजी टीम में वापसी

**तिरुवनंतपुरम ।** संजू सैमसन का नाम केरल की रणजी ट्रॉफी टीम में वापस आ गया है और इसके साथ ही उत्सुकता, उत्साह और शांत जिज्ञासा की लहर आ गई है। केरल 15 अक्टूबर से तिरुवनंतपुरम में अपने रणजी ट्रॉफी 2025-26 के पहले मैच में महाराष्ट्र का सामना करने के लिए तैयार है,



ऐसे में विकेटकीपर-बल्लेबाज की लाल गेंद क्रिकेट में वापसी एक तरह से घर वापसी और सामंजस्य दोनों का प्रतीक है।

संजू सैमसन को आखिरी बार प्रथम श्रेणी मैच खेले हुए लगभग एक साल हो गया है, उनका पिछला मैच कर्नाटक के खिलाफ था। पिछले एक साल में, उनका ध्यान मुख्य रूप से सफेद गेंद के प्रारूपों पर केंद्रित रहा है, जिसमें उन्होंने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स का नेतृत्व किया और भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में भी शामिल रहे। अब, जब वह एक बार फिर केरल की सफेद जर्सी पहन रहे हैं, तो सैमसन के पास लाल गेंद क्रिकेट की मांग वाले कौशल और धैर्य को फिर से दिखाने का मौका है। केरल के चयनकर्ताओं ने कप्तानी मोहम्मद अजहरुद्दीन को सौंप दी है, जबकि बाबा अपराजित को उप-कप्तान बनाया गया है। यह कदम टीम के निरंतरता पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है, जबकि सैमसन इस महीने के अंत में राष्ट्रीय टीम के लिए तैयारी कर रहे हैं।

## पाकिस्तान की हार पर कोच अजहर महमूद का सख्त बयान -खुद की गलती से गंवाया मैच

**नई दिल्ली।** लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में पाकिस्तान की हार ने कोच अज़हर महमूद को झकझोर कर रख दिया। एक समय मेजबान टीम मजबूत स्थिति में थी, 6 विकेट बाकी रहते 259 रनों की बढ़त। लेकिन 45 मिनट के भीतर ही पूरा बल्लेबाज़ी क्रम ध्वस्त हो गया और पाकिस्तान महज 17 रन जोड़कर ऑलआउट हो गया। दक्षिण अफ्रीका को 277 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे उन्होंने हासिल कर मेजबानों से मैच छीन लिया।

हार की वजह हमारा शॉट चयन- अजहर महमूद का बयान

प्रेस कॉन्फ्रेंस में अज़हर महमूद ने टीम के प्रदर्शन पर नाराज़गी जताते हुए साफ कहा कि हार का कारण सिर्फ पिच नहीं, बल्कि खिलाड़ियों की खराब सोच और जल्दबाजी है। उन्होंने कहा, हम खुद को मुश्किल में डाल बैठे। जब हमारा स्कोर 150/4 था, तब मैच पूरी तरह हमारे नियंत्रण में था। लेकिन हमने 6 विकेट 17 रन पर गंवाए — इसके लिए पिच नहीं, बल्कि हमारे शॉट चयन और निर्णय जिम्मेदार हैं। कोच ने दो टूक कहा कि बल्लेबाज़ों को धैर्य और तकनीक से काम लेना होगा, खासकर धीमी पिचों पर।

पाकिस्तान की कमजोरियाँ पहली पारी में ही दिख गई थीं, जब टीम ने 199/2 से बिना रन जोड़े तीन विकेट गंवा दिए। मोहम्मद रिज़वान और सलमान आगा की 163 रनों की साझेदारी ने टीम को संभाला जरूर, लेकिन बाद में फिर ढह गई।

अज़हर ने कहा, हमने कई बार देखा है कि शुरुआत अच्छी होती है, लेकिन बल्लेबाज़ उसे बड़े स्कोर में नहीं बदल पाते। यही वजह है कि हमारे पास बढ़त लेने का मौका होते हुए भी हम मैच गंवा देते हैं।

पिच पर बल्लेबाजी आसान थी, बस धैर्य की कमी रही

कोच ने पिच की आलोचना करने से इनकार करते हुए कहा कि यह बल्लेबाज़ों के लिए मुश्किल नहीं थी, बल्कि मानसिक संतुलन का मामला था। उन्होंने कहा, यह कोई असमान पिच नहीं थी। अगर आप टिककर खेलते, तो रन बनाना आसान था। लेकिन जैसे ही बल्लेबाज दबाव में आए, उन्होंने गलत शॉट चुने। यह मानसिक दृढ़ता का खेल है – न कि सिर्फ तकनीक का।